आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 16 अंक 295 -● जबलपुर ● मंगलवार, 29 नवम्बर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● अगहन मास शुक्ल पक्ष-6 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## अमेरिका में झील में डूबने से 2 भारतीय छात्रों की मौत

**नई दिल्ली,एजेंसी।** अमेरिका में दो भारतीय छात्रों की मौत हो गई। जब तेलंगाना के रहने वाले छात्र उत्तेज कुंता (24) और शिवा केलीगरी (25) शनिवार को मिसौरी में ओजार्क्स झील में तैरने गए थे। दोनों मिसौरी के सेंट लुइस यूनिवर्सिटी में मास्टर्स की पढ़ाई कर रहे थे। समाचार एजेंसी के अनुसार, कुंता जब डूबने लगा, तो उसका दोस्त केलीगरी उसे बचाने के लिए झील में कूद गया, लेकिन दोनों डूबने लगे। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। दोनों के शव मिल गए हैं।

## गैंगस्टर्स के खिलाफ एनआईए का बड़ा एक्शन यूपी, पंजाब समेत कई राज्यों में छापेमारी




**नई दिल्ली, ईएमएस।** गैंगस्टर्स आतंकी नेटवर्क पर ताजा ऐक्शन लेते हुए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पांच राज्यों के 20 स्थानों में रेड की है। इससे पहले अक्टूबर माह में भी एनआईए ने बड़े पैमाने पर छापेमारी की थी। सूत्रों के हवाले से पता लगा है कि एनआईए ने मंगलवार सुबह उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के छह जिलों में बड़े पैमाने पर छापामारी की। इस मामले से अवगत अधिकारियों ने कहा कि छापे- जो पंजाब और राजस्थान के स्थानों में भी रिपोर्ट किए गए हैं, एनआईए द्वारा पिछले सप्ताह तीन गैंगस्टरों लॉरेंस विश्नोई, नवीन डबास और सुनील बालियान उर्फ टिल्लू ताजपुरिया को हिरासत में लेने के बाद आए हैं। पिछले महीने केंद्रीय एजेंसी द्वारा इस प्रकरण में जांच तेज करने के लिए इसी तरह की कार्रवाई शुरू की गई थी। अक्टूबर माह में एनआईए ने पंजाब हरियाणा और राजस्थान में 50 से अधिक स्थानों पर छापेमारी की थी। जांच एजेंसी ने गैंगस्टरों के आतंकवादियों और मादक पदार्थों के तस्करों से संबंधों के बारे में विवरण प्राप्त करने के लिए छापे मारी की थी। राजस्थान में चूरू के संपत नेहरा के परिसरों में छापेमारी की सूचना मिली थी।

## ट्रक ने मारी बाइक को टक्कर

# विदिशा के तीन पत्रकारों की मौत





**भोपाल, यशभारत।** विदिशा जिले के तीन पत्रकारों की सलामतपुर के पास भीषण सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना सलामतपुर रामाखेड़ा जोड़ पर सोमवार रात करीब साढ़े 9 बजे हुई। तीनों पत्रकार भोपाल में साप्ताहिक अखबार प्रकाशित करने के लिए गए थे, वापस विदिशा लौटते समय ये हादसा हुआ। मरने वालों में विदिशा प्रेस क्लब संघ के अध्यक्ष राजेश शर्मा भी शामिल हैं। जिले में पिछले कई वर्षों से साप्ताहिक अखबार का प्रकाशन करने वाले पत्रकार सुनील शर्मा, नरेंद्र दीक्षित और प्रेस क्लब संघ अध्यक्ष राजेश शर्मा सोमवार को सुबह के समय बाइक से भोपाल गए थे। वे अक्सर अखबार छपवाने के लिए हफ्ते में एक बार भोपाल प्रिंटिंग प्रेस जाया करते थे। सोमवार को वे छपाई का आर्डर देने के लिए गए थे। रात में भोपाल से विदिशा लौटते वक्त सलामतपुर लांबाखेड़ा जोड़ पर एक अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक चकनाचूर हो गई और तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। दो के शव आसपास ही मिले जबकि एक शव सड़क से करीब 20 फीट दूर मिला। मृतक राजेश शर्मा के तीन बच्चे हैं सबसे छोटा बेटा एक साल का है वह अरिहंत विहार में रहते थे। सुनील शर्मा डंडापुरा में रहते थे उनकी एक बेटी और एक बेटा है पत्नी शिक्षक है। वहीं मृतक नरेंद्र दीक्षित बंटीनगर क्षेत्र में रहते थे। घटना की जानकारी मिलते ही विदिशा से कई साथी पत्रकार और उनके मित्र घटना स्थल पर पहुंच गए थे।

### सीएम शिवराज ने जताया शोक

सलामतपुर थाना प्रभारी देवेंद्र पाल ने बताया कि तीनों को सांची अस्पताल भेजा गया है। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई थी। मौके पर उनकी बाइक मिली है। टक्कर मारने वाले ट्रक चालक को बेरखेड़ी चौराहे के पास पकड़ लिया है।

इस दर्दनाक हादसे पर सीएम शिवराज सिंह चौहान ने शोक जताते हुए दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि प्रकट की है। साथ ही उन्होंने मृतकों के परिजनों को 04-04 लाख रुपये सहायता राशि देने की भी घोषणा की। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा कि विदिशा प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेश शर्मा और पत्रकार साथी सुनील शर्मा एवं नरेंद्र दीक्षित के दुर्घटना में निधन का दुखद समाचार प्राप्त हुआ है। ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान और परिजनों को यह गहन दु:ख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना करता हूं। दिवंगत राजेश शर्मा , सुनील शर्मा और नरेंद्र दीक्षित का परिवार स्वयं को अकेला न समझें, दु:ख की इस घड़ी में हम सब शोकाकुल परिवार के साथ हैं।



स्कूली बच्चों से की राहुल ने बात

**उज्जैन, यशभारत।** राहुल गांधी ने मयंक जाट ढाबे पर श्री राम कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल खरसौद खुर्द बड़नगर के बच्चों के साथ चाय-नाश्ता किया। उन्होंने बच्चों से बात भी की। कमलनाथ को बच्चों को प्लेन में बैठाने का भी कहा।

## उज्जैन पहुंची यात्रा, राहुल गांधी ने बच्चों के संग किया डांस



**उज्जैन, यशभारत।** मध्य प्रदेश में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का आज सातवां दिन है। मंगलवार सुबह उनकी यात्रा सांवेर से शुरू होकर उज्जैन के करीब निनोरा में यथार्थ फ्यूचरस्टिक एकेडमी में विश्राम के लिए रुकी है। राहुल गांधी दोपहर बाद बाबा महाकाल के दर्शन करेंगे। साथ ही बड़ी सभा को भी संबोधित करेंगे। इसे लेकर उज्जैन में भी तैयारी कर ली गई है। भारत जोड़ो यात्रा का उज्जैन के रास्ते में मयंक जाट ढाबे पर टी ब्रेक हुआ। यहां राहुल गांधी ने श्री राम कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल खरसौद खुर्द बड़नगर के बच्चों के साथ चाय-नाश्ता किया। उन्होंने बच्चों से उनके भविष्य को लेकर बात भी की। यात्रा को देखते हुए इंदौर रोड पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। ट्रैफिक को देवास रोड की ओर डायवर्ट किया गया है। राहुल गांधी के स्वागत के लिए सड़क के दोनों ओर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लगा हुआ है।यहां राहुल गांधी और पूर्व सीएम कमल नाथ ने उनका स्वागत करने पहुंचे स्कूली बच्चों के साथ डांस किया। तपोभूमि में राहुल गांधी भगवान महावीर के दर्शन करने के बाद आचार्य प्रज्ञा सागर जी महाराज से मिलेंगे और यहां जैन समाज द्वारा उनका नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। इसके पश्चात राहुल गांधी द्वारा तपोभूमि परिसर में बने कीर्ति स्तंभ का लोकार्पण किया जाएगा राहुल गांधी दोपहर करीब 3 बजे उज्जैन के तपो भूमि में जैन संत प्रज्ञा मुनि सागर का आशीर्वाद लेंगे।

## भारत जोड़ो यात्रा का मकसद लोगों का दिल जीतना है :श्री तन्खा



**उज्जैन, यशभारत।** भारत जोड़ो यात्रा कोई चुनावी यात्रा नहीं है।यह लोगों के दिल जीतने की यात्रा है जिसमें देशवासियों का भरपूर प्यार और सहयोग राहुल गांधी को मिल रहा है।आज देश में भय और विभाजन का माहौल पनप रहा है।राहुल गांधी की यात्रा को आशातीत सफलता मिल रही है।उक्त कहना है राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा का, जो उन्होंने उज्जैन में एक टीवी चैनल को दिए साक्षात्कार में कहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि अभी कोई चुनाव नहीं हो रहा है।कम से कम यात्रा मार्ग में तो नहीं है।हम राजनीति में केवल चुनाव जीतने नहीं आये हैं हम मन और दिल जीतने के लिए यात्रा में आये हैं।यदि हम मन नहीं जीतते हैं तो चुनाव जीतने का कोई अर्थ नहीं रह जाता है। पहले हम दिल जीतना चाहते हैं फिर चुनाव जीतना चाहते हैं। हम देश को एक रखना चाहते हैं और विभाजनकारी शक्तियों को रोकना चाहते हैं।यात्रा के दौरान देशवासियों की प्रतिक्रिया के बारे में पूछने पर श्री तन्खा ने कहा कि लोग खुश हो रहे हैं कि एक व्यक्ति राहुल गांधी है जो प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ बोल रहा है।आज कोई भी मोदी के खिलाफ बोलना नहीं चाहता है।देश उनके साथ है।राहुल के मंदिर जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह स्वाभाविक है कि हम जहां से गुजर रहे हैं यदि वहां कोई मंदिर तीर्थ स्थल है तो हम वहां जायेंगे।क्या ये सिर्फ भाजपा के हैं।उन्हें याद रखना चाहिए कि भाजपा का जन्म सन1980 में हुआ है और मंदिर तीर्थ उसके हजारों करोड़ों वर्ष पूर्व के हैं।श्री तन्खा ने कहा कि राहुल गांधी का इस यात्रा के माध्यम से सीधा संवाद कायम हो गया है।इसी तरह राजस्थान में चल रहे घटनाक्रम पर कहा कि जब यात्रा राजस्थान पहुंचेगी तब आपको वहां कांग्रेस में अभूतपूर्व एकता का नजारा देखने मिलेगा।



## गुजरात में पहले चरण की वोटिंग के लिए आज थम जाएगा चुनाव प्रचार

### 1 दिसंबर को 89 सीटों पर मतदान

**गांधीनगर,ईएमएस।** गुजरात में 1 दिसंबर, गुरुवार को पहले चरण का मतदान होना है। इसके लिए सोमवार शाम चुनाव प्रचार थम जाएगा। आखिरी दिन सभी पार्टियां अपनी पूरी ताकत लगाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात में हैं, वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी चार रैलियां करेंगे। पहले बार गुजरात में चुनावों में किस्मत आजमा रही आम आदमी पार्टी के नेता भी ताबड़तोड़ रैलियां करेंगे। बता दें, गुजरात में विधानसभा की कुल 182 सीटें हैं, जहां पहले चरण में 1 दिसंबर को 89 सीटों पर मतदान होगा। वहीं दूसरे चरण में शेष 93 सीटों पर 5 दिसंबर, सोमवार को वोट डाले जाएंगे। परिणाम 8 दिसंबर, गुरुवार को नतीजे आएंगे। उसी दिन हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए भी वोटों की गिनती होगी।भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज दाहोद, खेड़ा और अहमदाबाद जिलों में चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे। वहीं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा वड़ोदरा में दो और दाहोद में एक जनसभा करेंगे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज वड़ोदरा में एक और गोधरा में एक रोड शो सहित तीन सभाओं को संबोधित करने वाले हैं। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी गांधीधाम में महिला सम्मेलन और रोड शो करेंगी।

## वन चौकी से बंदूकें और कारतूस लूटे

### देर रात चौकीदार को पीटा, तोड़फोड़ की

**बुरहानपुर , एजेंसी।** बुरहानपुर में बाकड़ी वन चौकी में सोमवार देर रात बदमाश घुस आए। उन्होंने वन चौकी में तोड़फोड़ की। बंदूकें और कारतूस छीनकर ले गए। चौकीदार से मारपीट की बात भी सामने आई है। मामला नेपानगर तहसील की नावरा रेंज का है। घटना के बाद पुलिस, वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचे। एसपी राहुल कुमार लोढ़ा ने बताया कि वन चौकी पर कुछ लोगों ने हमला किया है। घटनास्थल के लिए रवाना हुआ हूं। कितनी बंदूकें ले गए हैं, यह डीएफओ से बात करके बता पाएंगे। मौके पर पहुंचकर चर्चा कर स्थिति का पता चलेगा। गौरतलब है कि नावरा रेंज में बड़े पैमाने पर हो रही वन कटाई को अब प्रशासन भी बड़े स्तर की कार्रवाई के साथ अंजाम पर पहुंचाना चाहता है। दो दिन से यहां ड्रोन के माध्यम से निगरानी हो रही है तो वहीं ग्राम पंचायत घाघरला में निगरानी सेंटर बनाया जा रहा है। यहां एक कमरे में सीसीटीवी लगाकर निगरानी की तैयारी की जा रही है। इसी बीच देर रात अतिक्रमणकारियों ने बाकड़ी वन चौकी में तोड़फोड़ कर बंदुकें और कारतूस लूट लिए। जिला प्रशासन ने बाहर से करीब 800 पुलिस, वनकर्मी, बीएसएफ जवानों का बल बुलाया है जिन्हें अलग अलग स्थानों पर तैनात किया जा रहा है। असीरगढ़, सीवल, बाक?ी, घाघरला में बल तैनात किया जाएगा।

## इजराइल फिल्ममेकर के बयान पर दूतावास ने मांगी माफी, अनुपम खेर भी भड़के



**मुंबई,एजेंसी।** कश्मीर में कश्मीरी पंडितों पर हुए अत्याचार पर बनी फिल्म 'कश्मीर फाइल्स' को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। गोवा में चल रहे इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया 2022 के दौरान जूरी प्रमुख इजरायली फिल्म निर्माता नदव लैपिड ने फिल्म की आलोचना कर दी। ढ्ढस्नस्नढ्ढ के मंच से नदव लैपिड ने विवेक अग्निहोत्री की फिल्म च्द कश्मीर फाइल्सज्को एक प्रोपगैंडा और अश्लील फिल्म करार दिया। नदव लैपिड के इस कमेंट के बाद विवाद खड़ा हो गया है। जहां कांग्रेस ने नदव लैपिड का समर्थन किया, वहीं अशोक पंडित जैसे पीड़ितों के जख्म एक बार फिर हरे हो गए हैं और वे इसका विरोध कर रहे हैं। हालांकि भारत में इजराइल दूतावास ने नदव लैपिड के बयान से किनारा कर लिया, साथ ही माफी भी मांगी। इजराइली दूतावास की ओर से ट्विटर पर ओपन लेटर जारी कर कश्मीर फाइल्स को सच्चाई उजागर करने वाली फिल्म बताया गया। इस पर अनुपम खेर ने तीखी प्रतिक्रिया दी। मुंबई में सिद्धिविनायक मंदिर के दर्शन करने के बाद अनुपम खेर ने कहा, हम इस बयान का माकूल जवाब देंगे।




## अभिनेत्री रवीना टंडन ने बाघ के पास जाकर खींचे फोटो

### जांच के निर्देश



**भोपाल,यशभारत।** मध्य प्रदेश के सतपुड़ा टाइगर रिजर्व (एसटीआर) के चूरना परिक्षेत्र में जंगल सफारी करने आई फिल्म अभिनेत्री रवीना टंडन का जंगल में जा रहे बाघ के बेहद करीब जाकर वीडियो बनाना विवाद के घेरे में आ गया है। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी के दौरान रवीना की जिप्सी बाघ के काफी करीब तक पहुंची। इसका वीडियो रवीना ने खुद सोशल मीडिया पर शेयर किया। वीडियो सामने आने के बाद एसटीआर प्रबंधन ने सोमवार को मामले की जांच कराने के आदेश दिए हैं। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के बोरी एसडीओ धीरज सिंह चौहान इसकी जांच करेंगे। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में एक बाघ के बेहद पास जाकर जिप्सी में रवीना वीडियो बनाते हुए नजर आ रही हैं। जंगल में दखलंदाजी होते देख बाघ विचलित होते हुए दहाड़ मारते नजर आया है। वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि टूरिस्ट गाइड की मौजूदगी में रवीना टंडन के क्रियाकलाप से बाघ गुस्से में आया है। यह लापरवाही रवीना टंडन और साथ में मौजूद एसटीआर कर्मचारियों के लिए खतरा बन सकती थी।दरअसल, पिछले सप्ताह रवीना अपने बेटी के साथ चूरना में सैर सपाटे के लिए आई थीं। सुबह-शाम दो बार वह टाइगर का दीदार करने निकली थीं। वायरल वीडियो पर एसटीआर के फील्ड डायरेक्टर एल कृष्णमूर्ति ने गंभीरता से लेकर बोरी रेंज के अधीक्षक डीएस चौहान से जांच रिपोर्ट तलब की है। कृष्णमूर्ति ने रवीना और उनके स्वजनों को घुमाने ले गई जिप्सी, उस जिप्सी पर तैनात कर्मचारियों के बारे में जानकारी मांगी है। साथ ही बाघ के इतने करीब वाहन लेकर जाने की अनुमति पर भी सफाई मांगी है। बताया गया है कि रवीना के साथ टूरिस्ट गाइड योगेश वारसी के अलावा जिप्सी चालक एवं अन्य लोग भी साथ इस मामले में यह भी सवाल खड़े हो रहे हैं कि फिल्म अभिनेत्री को कहीं जंगल में मनमानी कर नियम-कायदे ताक पर रखने का वीआईपी ट्रीटमेंट तो नहीं दिया गया था। एसटीआर अधिकारियों के अनुसार जंगल सफारी के दौरान किसी भी तरह की घटना की जिम्मेदारी पर्यटक की होती है, जिप्सी से शरीर का कोई हिस्सा बाहर न निकालने, वाहन से नीचे न उतरने, गाइड-चालक के निर्देशों का पालन करने, बाघ और अन्य हिंसक प्राणियों से सैलानियों की जिप्सी के बीच करीब 20 मीटर का अंतर रखने जैसे नियम लागू किए गए हैं, लेकिन रवीना का वाहन जंगल से आ रहे बाघ के बेहद करीब पहुंच गया था। वाहन में रवीना की बेटी राशा थ?ानी भी साथ थी। आशंका है कि इस मामले में जांच के बाद एसटीआर अधिकारी जिप्सी चालक और गाइड पर कार्रवाई कर सकते हैं। अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# शहर विकास में नहीं होने दी जायेगी फंड की कमी : विधायक अशोक रोहाणी

## म.प्र. शासन की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन में कोई कोताही बर्दास्त नहीं की जायेगी

**जबलपुर,यशभारत।** केन्ट क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने बताया कि केन्द्र सरकार एवं म0प्र0 सरकार के दरियादिली से संस्कारधानी में बह रही विकास की गंगा, संस्कारधानी में निरन्तर चल रहे विकास कार्यों में म0प्र0 शासन के लोकप्रिय मुख्यमंत्री माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान का विशेष योगदान रहा है, उन्होंने कहा कि शहर विकास में नहीं होने दी जायेगी फंड की कमी, विधायक श्री रोहाणी ने कहा कि म0प्र0 शासन के पहल पर नगर विकास हेतु लिये जा रहे हैं निर्णय, उन्होंने बताया कि शहर के विकास कार्यों को उच्च गुणवत्ता से सम्पन्न करने संस्कारधानी के सम्माननीय नागरिकों की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी करेंगें उच्चाधिकारी। उन्होंने बताया कि म0प्र0 शासन की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन में कोई कोताही बर्दास्त नहीं की जायेगी।केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी की मेहनत रंग लाई और आज विकास कार्यों की श्रृंखला में केन्ट विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों को 9 सौगाते देते हुए केन्ट क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमाध्यक्ष रिंकू विज ने एक साथ 14 स?कों एवं अन्य विकास कार्यों का निर्माण कार्य पांच कन्याओं से भूमिपूजन कराकर प्रारंभ कराया। विकास कार्यों का भूमिपूजन केन्ट विधान सभा क्षेत्र के विधायक ईश्वरदास रोहाणी, निगमाध्यक्ष रिंकू विज, ने क्षेत्रीय गणमान्यजनों एवं पार्षदगणों की उपस्थिति में सम्पन्न कराकर कार्य प्रारंभ कराया। विकास कार्यों के संबंध में केन्ट क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा लगभग 9 करोड़ 66 लाख रूपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन कर कार्य प्रारंभ कराये गए हैं। आज का दिन केन्ट विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों के लिए एक बड़ी सौगात का दिन है और आने वाले समय में नागरिकों को एक साथ 14 अतिसुन्दर और व्यवस्थित नई सड़कों एवं अन्य विकास कार्यों की सौगात मिलेगी, जहां पर एक और सुरक्षित एवं सुगम आवागमन कर सकेंगे। केन्ट क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने बताया कि संभाग क्रमांक 10 रॉझी के अंतर्गत रॉझी में बड़ा पत्थर स्थित हॉकर जोन की आवश्यक मरम्मत एवं रंगाई पुताई कार्य लागत 13 लाख 30 हजार, सरस्वती शिशु मंदिर सड़क किनारे दोनो ओर कच्चे स्थलों में सीमेंट क्रांकीट का कार्य लागत 20 लाख 70 हजार, अम्बेडकर वार्ड के अंतर्गत एस.ए.एफ. कॉलोनी में राधाकृष्ण मंदिर के समीप से शांति नगर व्ही.एफ.जे. की ओर नाला निर्माण लागत 48 लाख 89 हजार, शारदा नगर उद्यान का सौन्दर्यीकरण एवं वाउड्रीवाल का निर्माण लागत 2 करोड़, शहीद भगत सिंह वार्ड में दुर्गा मंदिर से मुक्तिधाम के गेट के समीप एवं लाला चक्की से दुर्गा मंदिर व तिवारी जी से यादव जी के समीप तक एम-3. सी सी स?क एवं नाली निर्माण कार्य लागत 53 लाख 25 हजार, गोकलपुर वार्ड न्यू शोभापुर में तिवारी जी के समीप से अजय शर्मा तक एम-30 स?क निर्माण कार्य लागत 9 लाख 81 हजार, चन्द्रशेखर आजाद वार्ड में क्षतिग्रस्त सड़कों का डामलीकरण कार्य लागत 44 लाख 47 हजार, लाला लाजपत राय वार्ड के अंतर्गत नरेन्द्र तिवारी के निवास से रंजना दुबे के घर से होते हुए खमरिया फेक्ट्री की दिवाल तक एम-30 सी सी स?क एवं नाली का निर्माण कार्य लागत 41 लाख 69 हजार, बुद्ध काछी का बाड़ा तुलसी नगर में पटैल बारात घर से अभिलाष के घर से होकर चंपा नगर के समीप तक नाला निर्माण कार्य लागत 46 लाख 15 हजार, सरस्वती स्कूल के गेट से गुप्ता जी के मकान तक एवं अन्य स्थलों पर सी सी सड़क निर्माण कार्य लागत 40 लाख 55 हजार, सुभाष नगर में घोषाल कॉम्पलेक्स से होते हुए गुप्ता केबल की और नाला निर्माण कार्य लागत 1 करोड़ 70 लाख 20 हजार, एवं मुण्डी टोरिया में दो स्थलों पर नाली निर्माण का कार्य लागत 4 लाख 11 हजार, एवं रानी अवंती बाई वार्ड में तिलहरी विस्थापित बस्ती में सीमेंट सड़क, नाली एवं पुलिया निर्माण लागत 2 करोड़ 22 लाख, एवं महारानी लक्ष्मी बाई, रानी अवंती बाई वार्ड में नाली एवं सी सी सड़क निर्माण कार्य लागत 50 लाख 91 हजार कुल लागत 9 करोड़ 66 लाख रूपये से विकास कार्य किये जायेंगें।



### केन्ट के वार्डों में बड़े पैमाने पर विकास कार्यों की शुरूआत : महापौर

**जबलपुर,यशभारत।** नगर निगम द्वारा शहर में सामान्य रूप से सभी विधानसभा क्षेत्रों के वार्डों में मुख्यमंत्री अधोसंरचना एवं विकास कार्य के साथ-साथ नगर निगम मद तथा पार्षद मद से बड़े पैमाने पर विकास के कार्य कराये जा रहे हैं, जिसमें सड़कों के निर्माण से लेकर, पेंवर्स, नाला नालियों, फुटपाथ एवं रोड डिवाईडरों के निर्माण भी कराये जा रहे हैं। आज इसी विकास कार्यों की श्रृंखला में केन्ट विधानसभा क्षेत्र के वार्डों में एक साथ अनेक विकास कार्यों की शुरूआत महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' एवं केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी के द्वारा कराई गई। केन्ट विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के कराये जाने के लिए आज एक साथ 14 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', केन्ट क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी, निगमाध्यक्ष रिंकू विज ने पांच कन्याओं से भूमिपूजन कराकर वहां के नागरिकों को एक साथ अनेक विकास कार्यों की सौगात दी। इस अवसर पर महापौर एवं विधायक ने बताया कि केन्ट विधानसभा क्षेत्र में तिलहरी विस्थापित बस्ती भी आती है जहॉ पर हजारों की संख्या में लोग रह रहे हैं उनकी सुविधाओं के लिए नगर निगम बेहतर प्रयास कर रहा है और आज निगम के उन्हीं प्रयासां के तहत् यहॉ के लोगों को भी बेहतर मूलभूत सुविधाऍ उपलब्ध कराने विकास कार्यों की शुरूआत कराई गई है।

### ज.ने.कृ.वि.वि. के कुलपति ने ली प्रथम प्रशासनिक समीक्षा

# कृषि शिक्षा अनुसंधान एवं विस्तार के कार्य्य समयसीमा में करें : डॉ. पी. के. मिश्रा



**जबलपुर यशभारत।** जने कृवि वि जबलपुर के 16 वे नवनियुक्त कुलपति डा. प्रमोद कुमार मिश्रा जी की अध्यक्षता में समस्त प्रशासनिक अधिकारियों के साथ प्रथम बैठक में वित्तीय समीक्षा की गई एवं वेतन एवं पेंशन संबंधित बजट राशि की समीक्षा कर शीघ्र ही प्रस्ताव बनाकर राज्य शासन को भेजने का निर्णय किया इसके साथ ही विवि में मानव संसधान की भारी कमी पर चिंता जताते हुये डां मिश्रा ने कहा कि कृषि शिक्षा, अनुसंधान एवं विस्तार के विभिन्न पदों की स्थिति को शीघ्रता से मसौदा तैयार करने हेतू वि.वि. के कुलसचिव को निर्देशित किया । वि.वि. में विभिन्न लंबित पदों के लिये सी.ए.एस को गति प्रदान करने हेतु निर्देशित किया। विवि में आय के स्त्रोत कैसे तैयार किये जाये साथ ही इस विषय पर वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित कर सुझाव देने हेतु एवं कार्ययोजना तैयार करने की बात कहीं गई एवं वि.वि. के लेखा नियंत्रक से चर्चा करते हुए कुलपति डा. मिश्रा ने कहा कि विवि के एरियर्स की राशि का सम्पूर्ण मसौदा तैयार कर राज्य शासन को भेजने हेतू सम्पूर्ण कार्ययोजना बनाए ताकि आगे कार्यवाही हेतू शीघ्रता से बढ़ाया जा सके। इसके साथ ही समस्त विभागाध्यक्ष को कहा कि विवि के विभिन्न विभागों में स्वीकृत नवीन लैब का एक्रीडेशन हेतू विस्तृत आवेदन तैयार कर शीघ्र ही सम्बन्धति विभागों को भेजने हेतु कार्य योजना बनाए एवं आगे निश्चित समय सीमा पर कार्य को कराने हेतू ध्यान देने की बात कही गई कुलपति डॉ मिश्रा ने प्रथम प्रशासनिक समीक्षा बैठक में सभी कार्यों को प्राथमिकता के साथ एक निश्चित समय सीमा में पूरा करने हेतू पृथक तैयार करने की बात कही।

# सेवानिवृत एवं नवनियुक्त कुलपति का प्राध्यापक वैज्ञानिक, कर्मचारी संघ ने किया अभिनंदन

**जबलपुर यशभारत।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के कृषि महाविद्यालय के अन्तर्गत सरदार वल्लभाई पटेल सभागार में केन्द्रीय एवं क्षेत्रीय प्राध्यापक वैज्ञानिक परिषद् केन्द्रीय कर्मचारी संघ एवं एम्पलाईज यूनियन द्वारा वि.वि. के नवनियुक्त 16 वे कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा एवं सेवानिवृत 15 वे कुलपति डॉ. पी.के. बिसेन का अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया, इस दौरान सभागार में वि.वि. के समस्त प्राध्यापक वैज्ञानिक, कर्मचारी एवं मजदूरो की भारी संख्या में उपस्थिति रही, अभिनन्दन समारोह में कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा एवं सेवानिवृत कुलपति डॉ पी.के. बिसेन का शाल श्रीफल गुलदस्ता एवं स्मृति चिन्हन द्वारा सम्मानित किया गया अभिनन्दन समारोह में पूर्व कुलपति डॉ. पी.के. बिसेन ने अपने उद्बोधन में कहा कि मेरा



नाता विवि से 50 वर्षो से अधिक का है, आपने अपने कार्यो का अनुभव व महत्वपूर्ण बातो का साझा किया जिसमे कृषि विज्ञान केन्द्र मण्डला, कटनी व सिंगरौली की स्थापना एवं पेंशन ग्रेजुएटी की व्यवस्था कैसे की गई आपने उन बातो को जानकारी दी। नवनियुक्त कुलपति डा. पी.के. मिश्रा ने अभिनंदन कार्यक्रम में कहा कि 4 दशक के वि.वि. के अनुभव का कृषि शिक्षा शोध एवं प्रसार में बेहतर कार्यो हेतु सभी का सहयोग व साथ से उत्तरोत्तर प्रगति एवं उन्नति प्राप्त होगी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमित शर्मा एवं आभार प्रदर्शन डॉ. वी. के. तिवारी द्वारा किया गया इस दौरान मंच पर डॉ. एस.के. पाडे अध्यक्ष डॉ. अभिषेक शुक्ला, महासचिव, डॉ. के. के. अग्रवाल डॉ. एम.एल. केवट, डां एके राय, श्री नंदकुमार बाघमारे, श्री वी एल काछी श्री सुनील कुशवाहा, श्री सम्पतलाल त्रिपाठी आदि मचासीन रहे कार्यक्रम में समस्त अधिष्ठाता, संचालक, कुलसचिव, विभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक, कर्मचारी एवं मजदूर महिला पुरूषों की उपस्थिति रही ।

# मध्य प्रदेश के इतिहास में बिजली की सर्वाधिक मांग, 15748 मेगावाट का नया रिकार्ड दर्ज



**जबलपुर, यशभारत।** मध्य प्रदेश के इतिहास में 27 नवम्बर को सुबह 10.53 बजे सर्वाधिक बिजली मांग का नया रिकार्ड कायम हुआ। इस दिन प्रदेश में बिजली की मांग 15748 मेगावाट दर्ज हुई। इससे पूर्व प्रदेश में सर्वाधिक बिजली की मांग 24 दिसंबर 2021 को 15692 मेगावाट दर्ज हुई थी।प्रदेश में जब बिजली की मांग 15748 मेगावाट पर दर्ज हुई। उस दौरान मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (जबलपुर, सागर व रीवा संभाग) में 4319 मेगावाट, मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (भोपाल व ग्वालियर संभाग) में 4808 मेगावाट और मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (इंदौर व उज्जैन संभाग) में बिजली की अधिकतम मांग 6313 मेगावाट दर्ज हुई। रेलवे को 308 मेगावाट बिजली प्रदाय की गई।प्रदेश में 27 नवम्बर को जब बिजली की मांग 15748 मेगावाट दर्ज हुई, उस समय बिजली की सप्लाई में मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के ताप व जल विद्युत गृहों का उत्पादन अंश 3823 मेगावाट, इंदिरा सागर-सरदार सरोवर-ओंकारेश्वर जल विद्युत परियोजना का अंश 820 मेगावाट, सेंट्रल सेक्टर का अंश 4272 मेगावाट व आइपीपी का अंश 820 मेगावाट, सेंट्रल सेक्टर का अंश 4272 मेगावाट व आईपीपी का अंश 2521 मेगावाट रहा। अन्य स्त्रोत जिनमें नवकरणीय स्त्रोत व बैंकिंग भी शामिल हैं, से प्रदेश को 4311 मेगावाट बिजली प्राप्त हुई।

# चंदन कालोनी में भागवत ज्ञान यज्ञ

**जबलपुर, यशभारत।** चंदन कालोनी, गढा स्थित शिवमंदिर में क्षेत्रीय जनों के सहयोग से आयोजित भागवत ज्ञान सप्ताह ( 24 से 30 नवंबर 2022) में 19 वर्षीय बाल व्यास आचार्य श्री प्रेमकृष्ण द्वारा चतुर्थ दिवस भगवान के विभिन्न अवतारों के साथ ही कृष्ण जन्म की कथा सुनाई गई। कार्यक्रम के संयोजक गंगानगर निवासी श्री लेखेश्वर बघेल के अनुसार बालव्यास को मात्र 12 वर्ष की उम्र में शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती द्वारा दीक्षित कर वेदो की शिक्षा की ओर अग्रसर किया गया था । इसके पश्चात 14 वर्ष की उम्र से बाल व्यास भागवत कथा का श्रवण करा रहे हैं । अत्यंत सारगर्भित, सरल एवं कर्णप्रिय भाषा मे सुनाई जा रही भागवत कथा मे



कालोनी क्षेत्र के अलावा आसपास के लोग भी काफी संख्या में पंहुच रहे है । सिवनी ब्रम्ह समाज जबलपुर के पदाधिकारियों एंव सदस्यों द्वारा विगत दिवस बाल व्यास का माल्यार्पण कर शाल एंव श्रीफल से सम्मान कर 11001/- की राशि व्यास पीठ को समर्पित की गयी । इस विशेष अवसर मे समाज के हरिदत्त पाठक, रविन्द्र अवस्थी,अशोक मिश्रा, सरयू तिवारी, ओमप्रकाश मिश्रा, बालकराम तिवारी, संतोष तिवारी, शिवनारायण तिवारी, प्रकाश तिवारी, पवन दुबे, लखन दुबे, तुलसी राम तिवारी, शैलेन्द्र (बब्लू) तिवारी एंव अन्य परिवार सहित उपस्थित रहे ।

# उर्स सलामी बुरहानी मेहमूदी में जुटेंगे देशभर के हजारों ज़ायरीन, छः दिसम्बर को आगाज

**जबलपुर,यशभारत।** देश विदेश में मज़हब और इंसानियत का पैग़ाम देने वाले मशहूर वली आले सिद्दीकी ए अकबर हज़रत अल्हाज मुफ़्ती मुहम्मद अब्दुल सलाम, खलीफ़ाए आला हज़रत अल्हाज मुफ़्ती बुरहानुल हक़ और खलीफ़ए मुफ़्ती ए आज़म हिन्द, मुफ़्ती ए आज़म मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना मेहमूद अहमद कादरी साहब को उनके सालाना उर्स मुबारक पर अकीदत व मुहब्बत के साथ याद किया जाएगा. मुफ़्ती ए आज़म मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना डाक्टर हामिद अहमद सिद्दीकी व नायब मुफ़्ती ए आज़म हज़रत मौलाना मुहम्मद मुशाहिद रज़ा ने बताया कि छः एवं सात दिसंबर को शहर की सबसे बड़ी रानीताल ईदगाह में उर्स का अहतिमाम किया गया है. जिसमें हिन्दुस्तान के नामवर उलेमा तकरीर फरमाएंगे. इसी तरह कई शहरों के मशहूर शायर बारगाहे रिसालत में नात ए पाक पेश करेंगे. उर्स में महाराष्ट्र, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, गुजरात, झारखंड, बिहार, राजस्थान सहित कई राज्यों के हजारों ज़ायरीन शिरकत करेंगे. गौरतलब है कि उर्स सलामी, बुरहानी व मेहमूदी शहर ए जबलपुर का सबसे बड़ा दीनी जलसा होता हैजिसे कामयाब बनाने के लिए महीनों से तैयारियाँ की जाती हैं. इस आयोजन में प्रशासनिक अमला भी भरपूर मदद करता है.दो दिनों तक रानीताल मुख्य मार्ग को डायवर्ट करने के साथ ही सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए जाते हैं. शहज़ादए मौलाना मुशाहिद रज़ा हज़रत इनामुल हक कादरी, ताहिर खान, अतीक मम्मा, अशरफ राईन आदि के मुताबिक उर्स में देश प्रदेश और शहर की शांति खुशहाली के लिए दुआएं मांगने की परम्परा है. यही वजह है कि इस विशाल जलसे में बड़ी तादाद में गैर मुस्लिम भी शामिल होकर अकीदत पेश करते हैं।

# छात्राओं को बांटे गर्म वस्त्र

**जबलपुर ,यशभारत।** लायंस क्लब जबलपुर मार्बल रॉक्स द्वारा भीषण शीत ऋतु को देखते हुए बच्चों को गर्म वस्त्र वितरण के अन्तर्गत शासकीय माध्यमिक शाला चेरीताल की छठवीं, सातवीं,आठवीं की छात्राओं को



रीजन चेयरपर्सन लायन दुष्यंत सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं जोन चेयरपर्सन दीपा साहू के विशिष्ट आतिथ्य में पूर्व डिस्ट्रिक गवर्नर द्वय लायन टी.आर. नायक, एमजेएफ लायन नरेन्द्र जैन, उपाध्यक्ष लायन अनिंद्य खरे, कोषाध्यक्ष लायन रामबाबू विश्वकर्मा ने 94 छात्राओं को स्वेटर वितरित की। इस कार्यक्रम में शाला प्राचार्य डी.के. जैन, उप प्राचार्य लायन आशा यादव लायन एल.एन. अग्रवाल, लायन राकेश कौशल,लायन आई.एस. राजपूत,शाला शिक्षिका श्रीमती ममता भट्ट, शुभा खरे, रीटा जाड़िया, स्वाति निगुड़कर, गायत्री सिंह, राजकुमारी अहिरवार शामिल रही। कार्यक्रम में पूर्व डिस्ट्रिक गवर्नर पीएमजेएफ लायन प्रकाश चांडक, लायन संतोष गुप्ता, लायन दुर्गेश धूपर, लायन मनीष अग्रवाल, लायन ज्ञानेन्द्र शर्मा, लायन आशीष शुक्ला, लायन मनोज बाली,लायन कन्हैया तुलानी,लायन विवेक श्रीवास्तव का सराहनीय सहयोग रहा।

## आवारा पशुओं की धरपकड़

**जबलपुर,यशभारत।** निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के निर्देशानुसार शहर के आवारा पशुओं को धरपकड़ अभियान लगातार जारी है। आज भी शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 27 आवारा पशुओं को पकड़ने की कार्यवाई की गई। नगर निगम फायर ऑफिस के हॉका गैंग टीम द्वारा 27 आवारा पशुओं को पकड़कर कैटल वाहन के माध्यम से कांजी हाउस में पहुँचाया गया साथ ही आवारा सांडों की सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया। इस संबंध में फायर अधीक्षक कुसाग्र ठाकुर, सहायक अधीक्षक राजेन्द्र पटैल, ने बताया कि शहर में नगर निगम के फायर ब्रिगेड के द्वारा सुबह एवं शाम की पालियों में विशेष गैंग एवं वाहनों को लगाकर आवारा मवेशियों को धरपकड़ करने की कार्रवाई लगातार की जा रही है। जिससे की लोगों को आवागमन में राहत मिल सके। श्री पटैल ने बताया कि शहर की साफ सफाई, स्वच्छता और सुगम यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के निर्देशानुसार नगर निगम के फायर ब्रिगेड (अग्नि शमन विभाग) के द्वारा आवारा मवेशियों को पक?ने का अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बंद किये गए आवारा मवेशियों के मालिकों से आर्थिक दण्ड स्वरूप जुर्माने की कार्यवाही भी की जा रही है, 3 पशुपालक सुभम केवट, कृष्ण कुमार यादव, एवं प्रशांत कुमार प्रधान से 4 हजार 3 सौ 50 रूपये जुर्माना वसूल कर निगम कोष में जमा कराया गया।

# शहादत दिवस पर आयोजित किया रक्तदान शिविर

पीड़ित मानवता की सेवा का दिया संदेश



**जबलपुर,यशभारत।** सिखों के नौवे गुरु, गुरु तेग बहादुर जी सरबंस दानी, जिन्होंने पूरा परिवार मानवता की रक्षा के लिए कुर्बान किया, उनका शहादत दिवस व्हीकल फैक्ट्री गुरुद्वारा में गुरु सिंह सभा, दिशा वेलफेयर द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजित किया और इस दौरान उनकी शहादत उनके सिद्धांत को याद किया। विश्व इतिहास में धर्म एवं मानवीय मूल्यों, आदर्शो एवं सिद्धांत की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति देने वालों में गुरु तेग बहादुर साहब का स्थान अद्वितीय है। आततायी शासक की धर्मविरोधी और वैचारिक स्वतंत्रता का दमन करने वाली नीतियों के विरुद्ध गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान एक अभूतपूर्व ऐतिहासिक घटना थी। यह उनके निर्भय आचरण, धार्मिक अडिगता और नैतिक उदारता का उच्चतम उदाहरण था। वे शहादत देने वाले एक क्रांतिकारी युग.पुरुष थे। शिविर में व्हीकल फैक्ट्री के सिक्योरिटी ऑफि सर कर्नल रूपिंदर सिंह ने भी रक्त दान कर गुरु को याद किया। शिविर में सरबजीत सिंह नारंग, इलुविंदर सिंह, आर पी रावत, अजय चौधरी, गौरव मिश्रा, किशन मिर्ची, अर्चना शुक्ला, डॉ चनपुरिया व मेडिकल ब्लड बैंक टीम का विशेष सहयोग रहा।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए 11 जिलों के मेधावी विद्यार्थी निभाएंगे स्वयंसेवक की भूमिका

**जबलपुर, यशभारत।** भारत सरकार के तत्वाधान में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत 31 जनवरी 2023 से 11 फ़रवरी 2023 तक मध्यप्रदेश के 8 जिलों में भोपाल, इंदौर , जबलपुर , ग्वालियर , उज्जैन ,बालाघाट, मंडला और खरगौन में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी । खेलो इंडिया यूथ गेम्स के सफल आयोजन में उच्च शिक्षा विभाग भी खेल विभाग को सहयोग प्रदान कर रहा है । खेलो इंडिया यूथ गेम्स के तहत कुल 27 खेल शामिल किए गए हैं। इनमें से भोपाल के लिए 11 खेलों को चिन्हित किया गया है । इनमें फुटबाल , एथलेटिक्स, कुश्ती , बॉक्सिंग, टेबल टेनिस , शूटिंग, स्वीमिंग, वॉलीवाल, जूडो, क्याकिंग-कैनोइंग एवं रोइंग शामिल हैं । इंदौर के लिए चार खेल , बॉस्केट बॉल , वेट लिफ्टिंग, टेबल टेनिस एवं कबड्डी चुने गए हैं। ग्वालियर के लिए तीन बेडमिंटन, हॉकी एवं जिमनास्टिक का चयन हुआ है । उज्जैन के लिए दो खेल योगआसन तथा मलखम्ब जबकि जबलपुर में पांच खेलों , आर्चरी, खो-खो, फेन्सिंग, साइकिलिंग रोड एवं कलारी पट्टू का चयन किया गया है । इसी प्रकार बालाघाट में बालिका वर्ग में फुटबाल , मंडला जिले के लिए दो खेल थांग-ता, गटका एवं खरगौन के लिए एक स्लॉलाम खेल का चयन किया गया है।

### एनसीसी एवं एनएसएस के विद्यार्थियों की अहम भूमिका

इस आयोजन में शासकीय महाविद्यालयों के एनसीसी एवं एनएसएस के विद्यार्थी स्वयंसेवक की भूमिका निभाएंगे । इसके अतिरिक्त शासकीय महाविद्यालयों के ऐसे विद्यार्थी भी स्वयंसेवक हेतु अपना पंजीयन करा सकते हैं जो इस तरह के खेलों से जुड़े रहे हों । इन स्वयंसेवकों के चयन हेतु हिन्दी , अंग्रेजी के साथ तमिल, तेलगू, मलयालम, मराठी एवं बांग्ला भाषा जानने वाले विद्यार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी । आयोजन के लिए 22 से 30 नवम्बर तक ऑनलाइन पंजीयन किए जाएंगे । इसके बाद 1 से 5 दिसम्बर तक महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय स्तर पर पंजीकृत विद्यार्थियों के सत्यापन एवं चयन की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी । इसके पश्चात 15 दिसम्बर से इन चयनित स्वयंसेवकों को विशेषज्ञों द्वारा 5 से 7 दिन का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा । यह स्वयंसेवक खेल आयोजन के दौरान जिलों में निर्धारित स्थान पर पर सुबह सात बजे से शाम सात बजे तक उपस्थित रहेंगे।

## व्हीएफजे के राजेश और हिमांशु राष्ट्रीय कार्यकारिणी में





**जबलपुर यशभारत।** गत दिनों नेशनल डिफेंस ग्रुप बी राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन का राष्ट्रीय द्विवर्षीय अधिवेशन आयुध निर्माणी भंडारा में संपन्न हुआ ।जिसमें दो वर्ष के लिए अधिकारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन किया गया ।जिसमें व्हीकल फैक्ट्री से हिमांशु श्रीवास्तव जे डब्ल्यू एम/एस जीछ्वअनुभाग-एल बी को कार्यालय सचिव और राजेश कुमार मिश्रा जे डब्ल्यू एम अनुभाग- बिल ग्रुप को सेन्ट्रल एक्जीक्यूटिव कमेटी सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया । शाखा व्हीकल फैक्ट्री एनडीजीबीओए के ब्रांच अध्यक्ष विनोद सिंह पियूष हाजरा आदि सदस्यों ने बधाई दी है।

### अब रामकृष्ण आश्रम, घमापुर का संचालन बेलूर मठ से

# आश्रम के भक्तों में हर्ष, 30को प्रभार लेंगे स्वामी निर्विकल्पानंद



**जबलपुर,यशभारत।** स्वामी विवेकानंद द्वारा श्री रामकृष्ण भाव धारा के प्रचार प्रसार के उद्देश्य से स्थापित श्री रामकृष्ण मिशन बेलूर मठ कोलकाता द्वारा शहर में 6 दशक पूर्व स्थापित रामकृष्ण आश्रम के संचालन की स्वीकृति प्रदान की है।अब बेलूर मठ सेआश्रम की संचालित विभिन्न सामाजिक गतिविधियों का संचालन होगा।इस संबंध में आश्रम से जु? सदस्यों की सर्वसम्मति की भावना को प्रबंधन समिति द्वारा बेलूर मठ जाकर अवगत कराया था।तदानुसार बेलूर मठ से स्वामी निर्विकल्पानंद कल बुधवार को शक्ति पुंज से आ रहे हैं।आश्रम के सचिव एन सी घोष ने बताया कि रामकृष्ण मिशन, बेलूर मठ हावड़ा देश और विदेश मे स्थापित 265 शाखाओं का मुख्यालय है से सूचना प्राप्त हुई है कि जबलपुर के घमापुर क्षेत्र मे सन 1959 मे स्थापित श्री रामकृष्ण आश्रम को बेलूर मठ की शाखा के रूप मे स्वीकार कर लिया है। इस आश्रम की स्थापना के आधार स्तंभों मे मध्य प्रदेश के भूतपूर्व मुख्य मंत्री स्वर्गीय द्वारका प्रसाद मिश्रा मध्य प्रदेश हाई कोर्ट न्यायाधीश स्वर्गीय कन्हैयालाल पांडे तत्कालीन कमिश्नर स्वर्गीय मथुरा प्रसाद दुबे स्वर्गीय डॉक्टर घोषाल और आश्रम के भूतपूर्व सचिव स्वर्गीय अधर चंद्र लोध ( बाबाजी) का असाधारण योगदान रहा। नाम प्रमुख है। विगत 6 दशकों से संचालित इस आध्यात्मिक और सेवा संस्था मे भगवान श्री रामकृष्ण परमहंस भव्य मंदिर विद्यालय, औषधालय साधु निवास, अतिथि निवास और वेदांत साहित्य विक्रय केंद्र भी संचालितहै। श्री रामकृष्ण और विवेकानंद प्रेमियों और भक्तो से आग्रह किया गया कि अधिक से अधिक संख्या मे 30 नवंबर को सायंकाल 4 बजे घमापुर जबलपुर आश्रम मे अपनी उपस्थिति दें।

# अतिक्रमण हटाया लेकिन सड़क पर रखी रेत नहीं हटाई



## विजय नगर 41 नंबर क्षेत्र में निगम की कैसी कार्रवाई

**जबलपुर, यशभारत। नगर निगम शहर को अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान चला रही है। इस कार्य की सराहना भी हो रही है लेकिन जानकर हैरानी होगी कि नगर निगम की यह कार्रवाई मात्र दिखावे की हो रही है।**

ताजा मामला विजय नगर 41 नंबर क्षेत्र का है जहां पर निगम के अतिक्रमण दस्ते ने अतिक्रमण हटाए लेकिन कई दिनों से रेत रखकर सड़क जाम किए हुए लोगों पर कार्रवाई नहीं की। कॉलोनी के सबसे व्यस्तम सड़क पर रेत रखकर उसे बंद कर दिया गया है जिसकी वजह से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते ने आयुक्त को दिखाने के लिए आंशिक कार्यवाही छोटे-मोटे अतिक्रमण हटा दिए हैं। गोल बाजार और विजय नगर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सिर्फ दिखावा है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि, विजय नगर के ही 41 नंबर स्कीम में जहां से अतिक्रमण हटाए गए उसी के आगे पूरी रोड ब्लॉक करके रखी गई है? वह किस कारण से अतिक्रमण दस्ते ने नजरअंदाज किया पता नहीं। सड़क को निजी तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है, सुबह घूमने वाले बुजुर्गो और निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है वहीं इस अतिक्रमण की आड़ में अवैध काम फल फूल रहे हैं।

## अधारताल, गोलबाजार के चारों ओर एवं विजय नगर में हटाए अतिक्रमण

नगर निगम द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ करने के लिए लगातार अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाई जा रही है। मुहिम के अंतर्गत मुख्य मार्गो, चौराहों, तिराहों एवं सार्वजनिक स्थलों के आस-पास के सभी स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमणों को लगातार हटवाया जा रहा है। इसी कड़ी में निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के निर्देशानुसार अतिक्रमण शाखा के द्वारा यातायात में बाधक 55 अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गयी। अतिक्रमण निरोधक अधिकारी सागर बोरकर, ने बताया कि आज संभाग क्रमांक 7 अधारताल के अंतर्गत सभी सार्वजनिक स्थलों, गोलबाजार के चारों तरफ, एवं विजय नगर आदि से लगे अनाधिकृत रूप से ठेले टपरों को हटाने कार्यवाही की गयी तथा व्यापारियों को समझाईस भी दी गयी। कार्यवाही के समय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 7, अतिक्रमण दल प्रभारी, सहायक दल प्रभारी एवं अतिक्रमण की टीम उपस्थित रहीं। निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के द्वारा अतिक्रमण दल को लगातार अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाने के भी निर्देश दिये हैं।

# आर्मी के परिक्षार्थी ने मालगाड़ी से कटकर कर ली खुदकुशी

### लिस्ट में नाम न आने से युवक ने उठाया आत्मघाती कदम



जबलपुर यश भारत। आर्मी की परीक्षा में फिजिकल पास होने के बाद एक 21 वर्षीय युवक का नाम लिस्ट में न आने के कारण वह काफी दिनों से मानसिक रूप से परेशान था और इसी परेशानी के कारण उसने मालगाड़ी से कटकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली उक्त घटना गाडरवारा रेलवे स्टेशन की है घटना की जानकारी लगते ही मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई मौजूद लोगों द्वारा घटना की सूचना गाडरवारा जीआरपी थाना प्रभारी राजेश राज को दी गई ओके जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची जीआरपी ने प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए रवाना कर घटना की पड़ताल शुरू कर दी है इस संबंध में जीआरपी ने जानकारी देते हुए बताया कि रेलवे स्टेशन गाडरवारा में मालगाड़ी से मृतक के केशव पिता जाटव बाबूलाल उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम खकरिया थाना परोहा जिला नरसिंहपुर ने आत्महत्या कर लिया है, यह आर्मी में भर्ती होने की परीक्षा दिया था, जिसका रिजल्ट आने पर इसका नाम नहीं आया, जिससे इसने यह कदम उठाया है, ऐसा परिजनों के कथन में आया हैद्य जीआरपी के अनुसार युवक टहलते हुए स्टेशन पहुंचा और जहां पर मालगाड़ी की शंटिंग हो रही थी वहां जाकर रेलवे लाइन के ऊपर सिर रख कर लेट गया जिससे मालगाड़ी युवक के ऊपर से गुजर गई इस घटना में युवक का सिर एवं धड़ दोनों अलग हो गए जीआरपी को मृतक के पास मिले मोबाइल के आधार पर उसके परिजनों को इस घटना की सूचना दी गई मौके पर पहुंचे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था मौजूद लोगों द्वारा परिजनों को ठंडा से बनाया गया जीआरपी ने बताया कि इसके पूर्व भी मृतक ने बीएसएफ एवं अन्य परीक्षाएं निकाल चुका था लेकिन उसका नाम लिस्ट में न आने के कारण परेशान था जीआरपी ने मर्ग कायम कर घटना को विवेचना में लिया है/

### कलेक्टर के आदेश का पालन न करने वाले स्कूलों विरुद्व कार्यवाही होगी

**जबलपुर यशभारत।** लगातार तापमान गिर रहा है और पारा गिरने से ठंड में बढ़ोतरी हो रही है. सुबह के समय बच्चों को स्कूल जाने में दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा था, ऐसे में जिला प्रशासन ने स्कूली बच्चों को राहत दी है. और सुबह की पाली के स्कूलों का समय बदलकर 8.30 बजे या बाद में का लगाने का आदेश जारी किया है। अभिभावकों द्वारा लगातार शिकायत की जा रही है कि कुछ स्कूल संचालक 8 बजे या 8.15 पर स्कूलों का संचालन कर रहे है। कलेक्टर सौरव कुमार सुमन ने कहा कि शासकीय एवं अशासकीय शालाएं 8.30 बजे या बाद में संचालन करने का आदेश पूर्व में ही जारी किया जा चुका है आदेश न मानने वाली शालाओं के विरुद्ध कार्यवाही की जावेगी। कलेक्टर श्री सुमन ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं समस्त अनुविभागीय अधिकारियों को आदेशित किया है कि शालाओं का निरीक्षण करें।

# पति के पास पैसा बहुत, फिर भी पापा के रुपयों से ऐश करना चाहता है

**महिला थाने में लार्डगंज की महिला ने दहेज प्रताड़ना का मामला कराया दर्ज**

### दहेज में चाहिए 5 लाख कैश और कार



**जबलपुर, यशभारत।** लार्डगंज में रहने वाली 27 साल की विवाहिता ने महिला थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए पति और ससुराल पक्ष को दहेज लोभी बताया। पीड़िता का कहना है कि पति के पास पर्याप्त धन है, अच्छा खासा व्यापार है। इसके वाबजूद वह मेरे पापा के पैसों से ऐश करना चाहता है। जब वह पापा के घर से पैसे नहीं ला पाई तो उसे आए दिन मानसिक और शारीरिक रुप से प्रताड़ित किया जाने लगा। महिला के परिवारजनों ने भी दामाद और उनके घर वालों को समझाया लेकिन ससुराल पक्ष के लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आए और पीड़िता को घर से बेघर कर दिया।

**घर का पूरा काम, सबकेप्रति आदर भाव फिर भी मिली दुत्कार**

महिला पुलिस कर्मियों के सामने पीड़िता ने बताया कि जब से शादी होकर ससुराल पहुंची हूं। उसी वक्त से पत्नि धर्म के साथ ही साथ सामाजिक रुप से सबका सम्मान किया। इज्जत दी, पति सहित ससुर और उसके परिवार को आदर दिया लेकिन उनके तरफ से हमेश दुत्कार मिली। बेज्जती करना ससुराल पक्ष की आदत बन गयी। हद तो तब हो गयी जब पति के घर से पैसा नहीं लाने पर उसे धक्के मारकर घर से भगा दिया गया। यह कहा गया कि जब तक वह दहेज के पांच लाख रुपये कैश और कार लाकर पति के हाथों में नहीं रख देती, तब तक उसे घर में कदम रखने नहीं दिया जाएगा। इधर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है।



### बदमाश के पास मिली पिस्टल कारतूस

**जबलपुर, यशभारत।** गढ़ा थाना अंतर्गत पुलिस ने एक हथियार बाज को उस वक्त दबोच लिया जब वह किसी वारदात को अंजाम देने के लिए खड़ा था। पकड़े गए युवक से एक पिस्टल और कारतूस बरामद हुआ है। जिससे पूछताछ जारी है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि सूचना मिली कि बड्डा दादा ग्राउंड के पास एक युवक हथियार खोसे हुये खड़ा है। जिसके बाद पुलिस ने बड्डा दादा ग्राउंड में दबिश दी जहां घेराबंदी कर संदीप उर्फ लाल नामदेव 25 वर्ष निवासी टिकरिया माढोताल को दबोचा गया। जिसकी तलाशी लेने पर एक पिस्टल और कारतूस रखे मिला जिसे जब्त करते हुये कार्यवाही की गयी।

# हाईकोर्ट में फांसी की सजा को चुनौती पर सुनवाई पूरी फैसला सुरक्षित

**मौसा-मौसी की हत्या के आरोप में सेशन कोर्ट ने सुनाई थी सजा**



**जबलपुर, यशभारत।** हाई कोर्ट ने फांसी की सजा को चुनौती के मामले में सुनवाई पूरी होने के साथ ही अपना फैसला सुरक्षित कर लिया है। मामला जमीन के विवाद पर मौसा-मौसी की दोहरी हत्या के आरोप में सेशन कोर्ट से मृत्यदंड की सजा सुनाए जाने से संबंधित है। न्यायमूर्ति सुजय पाल व न्यायाधीश पीसी गुप्ता की युगलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान अपीलकर्ता की ओर से मुख्य दलील यही दी गई कि इस दोहरे हत्याकांड का कोई प्रत्यक्षदर्शी नहीं था, इसके बावजूद महज पूर्व आपराधिक रिकार्ड के आधार पर सुनाई गई सजा अनुचित है।

### पहले भी एक हत्याकांड में हुई थी फांसी की सजा, बाद में हो गया था दोषमुक्त

पेशे से मजदूर सिंगरौली निवासी रामजग बिंद पर आरोप है कि उसने वर्ष 2014 में जमीनी विवाद के चलते अपने मौसा-मौसी को मौत के घाट उतार दिया था। मामले का खुलासा तब हुआ, जब दोनों का शव कुएं में तैरता मिला। संदेह पर आरोपित को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई और उसके खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इस मामले में सिंगरौली की कोर्ट ने 27 नवंबर-2019 को फांसी की सजा सुनाई थी। रामजग पर पहले भी हत्या का आरोप लगा था, जिसमें उसे फांसी हो चुकी थी। बाद में वह उस मामले में बरी हो गया था। इसी आधार पर सत्र न्यायालय ने उसके आपराधिक रिकार्ड को देखते हुए फांसी की सजा सुनाई थी।

### कोरोना के कारण नहीं आ पाया था फैसला

अपीलकर्ता रामजग की ओर से अधिवक्ता अरविंद पाठक ने बताया कि निचली अदालत के फैसले को हाई कोर्ट में 2019 में चुनौती दी। उन्होंने बताया कि मामले पर पहले सुनवाई पूरी हो चुकी थी, लेकिन कोरोना के कारण फैसला नहीं आया था। अब इस माह इस मामले में पुन~ सुनवाई हुई। सजा-ए-मौत की पुष्टि के लिए मामला हाई कोर्ट पहुंचा। पाठक की ओर से दलील दी गई कि इस मामले में कोई भी चश्मदीद गवाह नहीं है और केवल पुराना आपराधिक रिकार्ड होने पर इतनी बड़ी सजा नहीं दी जा सकती।

# मिल रहा 1 हजार लग रहा 5 हजार किराया

### ग्रहभाडा भत्ता नहीं मिलने से हो रहा आर्थिक नुकसान



**जबलपुर, यशभारत।** जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय कल्याण समिति मध्यप्रदेश ने बताया कि म.प्र . शासन अपने कर्मचारियों को 14 वर्ष पूर्व के छटवें वेतनमान से मान से ग्रहभाडा भत्ता प्रदान कर रही है। कर्मचारियों को 7 वां वेतनमान लागू हुए दशक बीत जाने के बाद भी अन्य किसी भी प्रकार के भत्ते 7 वें वेतनमान के अनुरूप नहीं दिये जा रहे हैं, जो भत्ते प्राप्त हो रहे हैं वह वर्ष 2006 के वेतनमान के अनुसार देय हो रहे हैं जबकि केन्द्रीय कर्मचारियों को समस्त भत्ते वर्ष 2016 के अनुरूप दिये जा रहे हैं, जिससे केन्द्रीय और राज्य शासन के कर्मचारियों में भत्ता का विकराल अंतर हो गया है और राज्य शासन से प्राप्त ग्रहभाडा में तो मकान किराये पर मिलना भी असंभव है। मंहगाई वर्ष 2006 के बाद से चरम पर पहुंच गई है और आज तक कर्मचारियों को प्राप्त छटवें वेतनमान के भत्ते उंट के मुंह में जीरा बराबर हैं। कर्मचारी प्रतिमाह लगभग 5000 से 6000 तक मकान किराये के रूप में अपने वेतन से दे रहा है जो प्रतिवर्ष लगभग 1 लाख रूपये होता है, इस मकान किराये की राशि का कर्मचारी को इनकम टैक्स में छूट भी नहीं मिलती है इसलिए शासन से ग्रहभाडा भत्ता प्राप्त न होने से और वेतन से किराये की राशि देने से कर्मचारी को दोहरा नुकसान झेलना पड़ा रहा है। शासन का कर्मचारियों के भत्ते न प्रदान करने से अत्यंत रोष व्याप्त है। संघ के उदित भदौरिया, प्रमोद तिवारी, अर्वेन्द्र राजपूत, अवधेश तिवारी, आलोक अग्निहोत्री, ब्रजेश मिश्रा, दुर्गेश पाण्डेय, मनोज सिंह, वीरेन्द्र चंदेल, एस.पी.बाथरे, आदि ने मुख्यमंत्री से ईमेल कर मांग की है कि राज्य शासन के कर्मचारियों को सातवें वेतनमान के अनुरूप ग्रहभाडा भत्ता प्रदाय किये जायें, अन्यथा संघ धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा।

# चपरासी के कार्य कर रहे शिक्षक



**अधिकारियों ने पाया, सरकारी स्कूल में नहीं है बिजली, अव्यस्थाओं पर शिक्षकों को लगाई फटकार**

**जबलपुर,यशभारत।** मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संरक्षक योगेंद्र दुबे, जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय ने सरकारी स्कूल में बिजली ना होने, लैट्रिन बाथरूम ना होने, हांथ धोने का जार दो वर्षो से उपयोग ना होने, शिक्षकों के समय पर स्कूल ना आने, पीने के पानी की व्यवस्था ना होने पर रोष व्यक्त करते हुए जिम्मेवार अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की थी, विगत दिनों समाचार पत्रों के माध्यम से यह खबर प्रकाशित की गई थी। खबर की जांच के लिए डी पी सी चतुर्वेदी, जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा निरीक्षण के लिए बी आर सी, असीस श्रीवास्तव फोन 9826400362, श्री मति राखी बंसल ब्योहारवाग 7974873832, इंजीनियर चंदन चंसोरिया, कुलदीप कोस्टा को स्कूल भेजा दल ने जर्जर छतों, टूटी सीडीयां, उखड़ी खिड़की, टूटे लेट्रिन के दरवाजे, लेट्रीन सीट और विकलांग बच्चों के ऊपर स्कूल कमरे तक जाने के लिए रैंप बनवाने के प्रस्ताव बना कर अधिकारियो को देने कहा। निरीक्षण दल ने पाया की कमरों में बिजली नहीं है, बिजली विभाग को व्यवस्था के लिए पत्र लिखा गया, पानी टंकी नही है, शिकायतें पूरी तरह सही पाई गई है। समस्याओं का सात दिवस के अंदर निराकरण करने का आश्वासन दिया गया है, स्कूल में फैले कचरे को साफ करवाने के निर्देश दिए। निरीक्षण दल ने पाया कि बच्चों के बाथरूम के लिए जो 6 सीट बनी हुई है इनके दरवाजे सड़ गए हैं, सीट के ऊपर कचरे पड़े हुए हैं किसी भी तरीके से उपयोग नहीं किया जा सकता, बच्चे खुले में लैट्रिन बाथरूम के लिए जाते हैं, इस पर निरीक्षण दल ने स्कूल व्यवस्थापक को कड़ी फटकार लगाई स्कूल के शिक्षकों की अनुपस्थिति पर भी कार्रवाई करने के संबंध में प्रस्ताव तैयार कर वरिष्ठ कार्यालय भेजने आश्वासन दिया। 7 शिक्षकों के इस स्कूल में आज मात्र 4 शिक्षक पाए गए 3 शिक्षकअनुपस्थित पाए गए, यहां पिछले 6 माह से चपरासी नहीं हैं। चौकीदार कभी रहा ही नहीं है, शिक्षकों को इनके कार्य करना पड़ रहे हैं। मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जबलपुर के संरक्षक योगेंद्र दुबे, जिलाध्यक्ष अटल उपाध्याय, विजय महोबिया, मनोज चौकसे, नरेश शुक्ला, संतोष मिश्रा, विश्वदीप पटेरिया, प्रशांत सोंधिया, योगेश चौधरी, संजय गुजराल, रविकांत दहायत, मुकेश मरकाम, मुकेश चतुर्वेदी, देव दोनेरिया, प्रदीप पटेल, धीरेंद्र सिंह, एसके बांदिल, योगेंद्र मिश्रा, अजय दुबे, नरेंद्र सैन, सुरेंद्र जैन, संदीप नेमा, सतीश उपाध्याय, विनय नामदेव ने समस्त समस्याओं का जल्द निदान करवाने की मांग की है।

# हाईकोर्ट ने मिशन स्कूल द्वारा जमीन में कब्जा कर स्कूल बनाने के आरोप पर मांगा जवाब



**जबलपुर, यशभारत।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने मिशन स्कूल द्वारा जमीन में कब्जा कर स्कूल बनाने के आरोप के मामले में जवाब-तलब कर लिया है। इस सिलसिले में राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव, संभागायुक्त, कलेक्टर जबलपुर, तहसीलदार प्रदीप मिश्रा, राजेश ठाकुर व मिसपा मिशन स्कूल के संचालक मैथ्यू चौकसे को नोटिस जारी किए गए हैं। सभी को चार सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिए गए हैं। याचिकाकर्ता ने तहसीलदार पर तीन लाख की मांग पूरी न करने पर आवेदन निरस्त करने का भी दोषारोपण किया है।

याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी रेखा साहू की ओर से अधिवक्ता सुशील मिश्रा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता ने 2005 में रजिस्टर्ड बैमाना करके मझौली इंद्राना रोड पर खसरा क्रमांक 43/2 में 2.0052 हेक्टेयर जमीन खरीदी थी। उक्त जमीन पर मैथ्यू चौकसे ने अवैध रूप से कब्जा कर बहुमंजिला स्कूल बना दिया। जब उक्त जमीन का सीमांकन कराया गया तो 18 अप्रैल, 2022 को तहसीलदार ने ही रेखा के पक्ष में रिपोर्ट बनाई थी। इसके बाद रेखा ने मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 250 के तहत अवैध कब्जा हटाने का आवेदन दिया तो तहसीलदार ने तीन लाख रुपये की मांग की। पैसा नहीं देने पर आवेदन निरस्त कर दिया। याचिकाकर्ता ने पहले कलेक्टर और फिर 13 दिसंबर को संभागायुक्त को शिकायत प्रस्तुत की। कोई कार्रवाई नहीं होने पर हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई। हाई कोर्ट ने प्रारंभिक सुनवाई के बाद जवाब-तलब कर लिया।

# शासन की अनदेखी से संविदा कर्मियों में रोष

### नियमित न किया जाना संविदा कर्मियों पर मांसिक आघात




**जबलपुर, यशभारत।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन ने बताया कि शासन की अनदेखी से संविदा कर्मियों में रोषव्याप्त है। संघ के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि प्रदेश में लाखों संविदा कर्मचारी विभिन्न विभागों में अपनी सेवा लगभग 20 से 25 वर्षो से संविदा नियुक्ति पर देते आ रहे हैं परंतु उन्हे आज दिनांक तक नियमित नहीं किया गया। साथ ही ये संविदा कर्मी सभी विभागों में नियमित कर्मचारियों के समान ही कार्य करते है परंतु वेतन उन्हे समान कार्य समान वेतन के अनुसार या अनुरूप नहीं मिलता जबकि ये संविदा कर्मी अपनी पूरी लगन और मेंहनत से ईमानदारी से अपने कार्यो का निर्वहन करते है परंतु उन्हे वे सभी वित्तीय लाभ नहीं मिलते जो नियमित कर्मचारियों को मिलते हैं। शासन-प्रशासन के द्वारा उन्हे समय-समय पर आशवासन तो मिलता रहा है कि उन्हे अति शीघ्र नियमित किया जाएगा परंतु आज दिनांक तक किसी प्रकार का आदेश जारी नहीं हुआ। जिससे वे मानसिक रूप से हताष, परेषान और हलाकान हैं। संघ के हेमंत ठाकरे, शहीर मुमताज, दिनेष गौड़, राकेश श्रीवास, आदि ने कहा कि मांग पूरी ना होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

**रोजगार प्रशिक्षण**

**क्या आप रोजगार चाहते हैं**

**आईये ! हमारे प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़े और एक अच्छा रोजगार पायें**

कार्यक्रम सिर्फ 18 से 30 आयुवर्ग के लिए है
register nline@
https://www.grow.org.in

**90099-85689**

**आम सूचना**

आम एवं खास को सूचित किया जाता हैकि मेरे पक्षकार मुकेश केशरवानी पिता स्व.श्री मूलचंद केशरवानी निवासी 609 गढ़ाफाटक सब्जी मंडी जबलपुर वालों ने संदीप साहू पिता मूरत लाल साहू निवासी अधारताल जबलपुर से मौजा बसहा नया वार्ड नं 73, खसरा नं 7/2, रकवा 1200 वर्गफुट का प्लाट जिसे क्रय करने का सौदा किया है, यदि उक्त भूमि पर कोई शासकीय अशासकीय, बैंक या वित्तीय संस्था काकोई भार हो या इसके पूर्व विक्रेता को किसी व्यक्ति ने अनुबंध किया है। तो या कहीं बंधक हो तो इस प्रकाशन के 7 दिन के अंदर मेरे कार्यालय में दस्तावेज सहित आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा विक्रय का पंजीयन करा लिया जाएगा, उसके बाद कोई आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

पंकज सोनी
एडवोकेट मप्र उच्च न्यायालय
जबलपुर
मो नं 9039796256, 6263996337



# भेल पाइपलाइन फूटी 50 मीटर ऊंचा फुव्वारा

## 20 हजार लोगों को नहीं मिलेगा पानी

**भोपाल, यशभारत।** बड़े तालाब से भेल टाउनशिप में जलापूर्ति करने वाली पानी की 450 एमएम की पाइपलाइन में सोमवार रात साढ़े आठ बजे लीकेज हो गया। यह लीकेज अरेरा हिल्स स्थिति नापतौल विभाग के दफ्तर के सामने हुआ। जिसके कारण करीब 50 फीट ऊंचाई तक फव्वारा उठता रहा, जो कि मेट्रो के वायडक्ट तक समांतर था। लीकेज के नजदीक ही बिजली पोल था, फव्वारा उठते ही उक्त पोल से होने वाली बिजली आपूर्ति भी बंद हो गई और आसपास के क्षेत्रों में पानी फैलने लगा। हालांकि नजदीक में ही एक नाला है, जहां से पानी निकलता रहा। पाइपलाइन में हुए लीकेज के कारण मंगलवार को भेल टाउनशिप के करीब 20 हजार लोगों को पानी नहीं मिलेगा। हालांकि भेल प्रबंधन का दावा है कि भेल के टैंकरों से आपूर्ति जारी रहेगी। इधर सूचना मिलते ही भेल नगर प्रशासन की जलकार्य शाखा के अधिकारी व कर्मचारी पहुंचे। पाइपलाइन लीकेज होने का कारण स्पष्ट पता नहीं लग सका। बताया जा रहा है कि पाइपलाइन पुरानी होने से लीकेज हो गया। भेल के प्रवक्ता विनोदानंद झा ने बताया कि पाइपलाइन लीकेज की सूचना मिली है। मंगलवार को लीकेज सुधार कार्य किया जाएगा। इससे भेल टाउनशिप के गोविंदपुरा, बरखेड़ा, पिपलानी, हबीबगंज में जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। टैंकों में जितना पानी होगा, उतने की आपूर्ति की जाएगी। भेल कर्मचारियों व उनके परिजनों को पानी की दिक्कत न हो, इसलिए शिकायत मिलने पर टैंकरों से जलापूर्ति कराई जाएगी।

### एक पाइप चोरी, भेल ने कराई एफआइआर

भेल नगर प्रशासक सपन सोहाने के मुताबिक जल शोधन संयंत्र से दो पाइप लाइन गोविंदपुरा के लिए जाती है। इसमें से एक पाइपलाइन 450 एमएम की चोरी चली गई है। चोरी की एफआइआर गोविंदपुरा थाने में दर्ज कराई है। वहीं निगमायुक्त को भी इसकी सूचना दी गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर रहे हैं।

### कोलार प्लांट में बिजली गुल होने से प्रभावित होगी जलापूर्ति

कोलार प्लांट में सोमवार को बिजली गुल होने से संबंधित जलप्रदाय वाले क्षेत्रों में पानी की टंकियां नहीं भर पाई हैं। जिससे शहर के कुछ क्षेत्रों में आंशिक रुप से जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। नगर निगम जलकार्य विभाग के अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग ने बताया कि कोलार प्लांट में दोपहर में दो बार बिजली गुल हुई है। एक बार बिजली गुल होने के बाद इसके पंप को चालू करने में एक घंटे से अधिक का समय लगता है। ऐसे में कोलार जलप्रदाय वाली एक दर्जन से अधिक टंकियां नहीं भरी गई।

# मेडिकल संचालकों को रखना होगा नारकोटिक्स दवाइयों का रिकार्ड

## डाक्टर के पर्चे पर ही दी जा सकेगी दवाएं, निगरानी करेगा औषधि प्रशासन

**भोपाल यशभारत। अब मेडिकल दुकान संचालकों को कोरेक्स समेत सभी नारकोटिक्स दवाइयों का रिकार्ड रखना पड़ेगा। यह दवाइयां डाक्टर के पर्चे पर ही दी जा सकेंगी, इसकी निगरानी खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के द्वारा की जाएगी। शहर को नशा मुक्त बनाने के लिए पुलिस और नारकोटिक्स विभाग के अधिकारी अपने गुप्तचर एवं खुफिया तंत्र को मजबूत करें। नशा करने वाले और नशा विक्रय करने वाले दोनों लोगों पर कठोर कार्रवाई की जाए। इसके लिए नशीली दवाओं एवं उनके विक्रय स्रोतों को चिह्नित करें। यह निर्देश कलेक्टर अविनाश लवानिया ने सोमवार को जिले के अधिकारियों, नारकोटिक्स और पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक के दौरान दिए हैं।**




बढ़ते ई-सिगरेट के चलन पर लगाएं अंकुशशहर के युवाओं में ई-सिगरेट का चलन बढ़ने लगा है, कुछ स्कूलों के बाहर भी ई-सिगरेट बिक रही हैं। जिससे बच्चों में इसकी लत लग रही है, इसका खुलासा एक पुलिस अधिकारी ने किया। इस पर कलेक्टर ने कहा कि ऐसे स्थानों का पता लगाया जाए कि ई-सिगरेट कहां बिक रही हैं। वहां तत्काल कार्रवाई की जाए। स्कूलो के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। अभी सिर्फ 40 स्कूलों में ही लगाए गए हैं। उन्होंने औषधि विभाग से कहा है कि वह मेडिकल दुकानों पर नजर रखेगा कि कोरेक्स समेत अन्य नारकोटिक्स दवाई का रिकार्ड रखा जा रहा है या नहीं। जहां भी चोरी छुपे दवाई बिक रही है वहां सख्त कार्रवाई की जाए। इस दौरान पुलिस, एज्युकेशन, कृषि, आबकारी, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, हेल्थ, फारेस्ट, सामाजिक न्याय एवं निशक्त जन कल्याण, सेंट्रल जीएसटी समेत अन्य विभागों की समीक्षा भी की गई।

### कलरयुक्त सैनिटाइजर ही बेचा जाए

कलेक्टर ने कहा कि सफेद सैनिटाइजर पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस वजह से यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी मेडिकल दुकानों पर कलरयुक्त सैनिटाइजर ही बेचा जाए। यदि कहीं सफेद सैनिटाइजर बिक रहा है तो उस दुकान पर कार्रवाई की जाए। साथ ही खाद्य अधिकारी यह पता लगाएं कि सैनिटाइजर में अल्कोहल कितनी मात्रा में मिलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में कहीं गांजे की खेती तो नहीं की जा रही है, इसका पता लगाने के लिए एसडीओ आरएस भदौरिया से कहा है। इसमें वह ग्राम वन समितियों की मदद लेंगे।

### 15 दिन में ठिकानों का पता लगाएं अधिकारी

कलेक्टर ने अधिकारियों को नशीले पदार्थ जैसे गांजा, अफीम, चरस, ई-सिगरेट आदि बिकने के ठिकानों के बारे में पता लगाने के लिए निर्देशित किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि वह 15 दिन बाद बैठक लेंगे, उसमें की गई कार्रवाई के बारे में ब्यौरा देना होगा। पुलिस अधिकारियों ने कलेक्टर को बताया कि नशीले पदार्थ को लेकर बड़ी कार्रवाई की गई है। अब तक कुल 175 मामले बनाए गए हैं। इनमें से 10 किलो चरस समेत गांजा और अफीम जब्त की गई है।

# भोपाल के वन विहार में गड़बड़ी की शिकायत पर सेंट्रल जू अथारिटी ने मांगा जवाब

**भोपाल, यश भारत ।** भोपाल के वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में गड़बड़ियों की शिकायत पर सेंट्रल जू अथारिटी ने मप्र सरकार के वन विभाग से जवाब मांगा है। वन्यजीव विशेषज्ञ अजय दुबे की शिकायत पर सोमवार को सेंट्रल जू अथारिटी की डीआइजी फारेस्ट आकांक्षा महाजन ने चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन जसबीर सिंह चौहान को वन विहार की गड़बड़ियों से जुड़े सात बिंदुओं पर नोटिस जारी कर 48 घंटे में जवाब तलब किया है। डीआइजी महाजन ने नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है कि पिछले दिनों वन विहार में सियार को कुचलने के मामले के जांच रिपोर्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट और उसकी हिस्ट्री कार्ड, टाइगर को पत्थर मारने का प्रकरण, जून में शौर्य नामक टाइगर के इनक्लोजर से भागने की जांच रिपोर्ट और सुधार के कदम की जानकारी, उक्त टाइगर के इनक्लोजर की डिजाइन, जून रूल्स के तहत वन विहार में नेशनल पार्क और जू के बीच डिमार्केशन की जानकारी और सबसे महत्वपूर्ण बिंदु जिसमें नेशनल वाइल्ड लाइफ बोर्ड से वन विहार नेशनल पार्क में जू खोलने की सैद्धांतिक अनुमति पर स्पष्टीकरण मांगा है। इसके अलावा मार्च-2022 में स्वीकृत वन विहार के मास्टर प्लान के क्रियान्वयन पर स्टेटस रिपोर्ट मांगी गई है।



# रात में सताएगी ठंड, दिन में गुनगुनी धूप देगी राहत

**भोपाल ईएमएस।** प्रदेश के मौसम में अगले चार दिनों तक कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। वर्तमान में राजस्थान पर बने प्रतिचक्रवात के असर से हवाओं का रुख बार-बार बदल रहा है। जिसके चलते रात एवं दिन के तापमान में उतार-चढ़ाव का सिलसिला बना हुआ है। इस बीच दो दिसंबर से एक ताकतवर पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में पहुंचने की संभावना है। इसके असर से उत्तर भारत के पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी होने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के आगे बढ़ने पर सर्द हवाएं मैदानों की ओर आएंगी जिसके बाद चार दिसंबर से मैदानी इलाकों सहित प्रदेश के तापमान में तेजी से गिरावट आएगी और तीखी सर्दी का दौर शुरू होगा। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि, अगले 24 से 48 घंटों में सामान्य तौर पर सर्दी का दौर जारी रहेगा। विशेषकर रात में ठंड अधिक लगेगी, लेकिन दिन में गुनगुनी धूप लगेगी और सर्दी का एहसास कम होगा। मौसम विभाग के पूर्व विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि अभी मौसम का मिजाज इसी तरह बना रहने के आसार हैं। दो दिसंबर के बाद से मध्य प्रदेश में रात के तापमान में तेजी से गिरावट हो सकती है। दो दिसंबर को एक पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में आने की संभावना है। इसके असर से वहां के पहाड़ों पर बर्फबारी होगी। पश्चिमी विक्षोभ के आगे बढ़ने पर उत्तर भारत की तरफ से आने वाली सर्द हवाओं के प्रभाव से मध्य प्रदेश में कड़ाके की ठंड की शुरुआत होने की संभावना है।

# ठेकेदार का अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने वाली आरोपित महिला की अग्रिम जमानत नामंजूर

**भोपाल ईएमएस।** राजधानी में ठेकेदार को हुस्न के जाल में फंसाकर अश्लील वीडियो बनाने और ब्लैकमेल कर एक करोड़ रुपए की मांग करने वाली एक महिला आरोपित को न्यायाधीश अरविंद कुमार शर्मा की कोर्ट ने अग्रिम जमानत देने से इन्कार कर दिया। महिला पर आरोप है कि उसने खजूरी सड़क इलाके में रहने वाले ठेकेदार मुकेश शर्मा को दुष्कर्म के झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर एक करोड़ रुपये की मांग भी की थी। इस मामले में मुकेश वर्मा के अधिवक्ता की ओर से आपत्ति पेश की गई थी। न्यायाधीश अरविंद कुमार शर्मा ने आदेश में लिखा है कि अपराध की गंभीरता को देखते हुए आरोपित सोनाली सिंह पत्नी एपी सिंह को अग्रिम जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता है। खजूरी सड़क पुलिस के मुताबिक सोनाली अपनी सहेली आरती ठाकुर को लेकर जन्मदिन की पार्टी के बहाने मुकेश के साथ आकृति एक्सोटिका पहुंची थी, जहां उसे जमकर शराब पिलाई गई। जब ठेकेदार शराब के नशे में बेसुध हो गया तो उसका अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद सोनाली के दो और साथी जो नकाब पहनकर पहुंचे थे, उन्होंने ठेकेदार को होश आने पर जमकर धुना और उसका अश्लील वीडियो प्रसारित करने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया और एक करोड़ रुपये की मांग की।

# दिसंबर में मुख्यमंत्री करेंगे संभागीय सम्मेलन

# 81 लाख हितग्राहियों को मिलेगा योजनाओं का लाभ

**भोपाल ,यशभारत। प्रदेश में केंद्र और राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं का लाभ 81 लाख पात्र व्यक्तियों को दिसंबर में दिया जाएगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में संभागीय सम्मेलन होंगे। इसमें पात्र व्यक्तियों को स्वीकृति पत्र या आदेश दिए जाएंगे।**

जिस दिन संभागीय सम्मेलन होगा, उस दिन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी जिलों, ग्राम पंचायत और वार्ड में कार्यक्रम होंगे। प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 31 अक्टूबर तक मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान चलाया था। इसमें विभिन्न् योजनाओं के लिए 81 लाख पात्र हितग्राही चिन्हित हुए थे। इन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रत्येक संभाग में सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया है।



यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में होगा। इसमें संभाग के अंतर्गत आने वाले सभी जिलों से दो हजार पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र या आदेश दिए जाएंगे। सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी संभागायुक्त, कलेक्टर, जिला पंचायत और नगरीय निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिस दिन संभागीय स्तरीय कार्यक्रम हो, उसी दिन जिला, ग्राम पंचायत और नगरीय निकायों के वार्ड में कार्यक्रम करके स्वीकृति पत्र दिए जाएं। प्रभारी मंत्री से परामर्श करके मुख्य अतिथि का चयन करें। सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना, ला?ली लक्ष्मी, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति, अटल पेंशन, किसान क्रेडिट कार्ड, आहार अनुदान, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, उज्जवला, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, वृद्धावस्था पेंशन, राष्ट्रीय परिवार सहायता, सीएम किसान कल्याण, शहरी और ग्रामीण पथ विक्रेता, दिव्यांग छात्रवृत्ति, मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा, कन्या अभिभावक पेंशन सहित अन्य।

# मध्य प्रदेश के नए मुख्य सचिव को लेकर आज हो सकता है निर्णय

**भोपाल यशभारत।** एक दिसंबर को मध्य प्रदेश का मुख्य सचिव कौन होगा, इसको लेकर मंगलवार को निर्णय हो सकता है। मुख्य सचिव बैंस का कार्यकाल 30 नवंबर तक है, लेकिन अब तक किसी को उत्तराधिकारी विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी नियुक्त नहीं किया गया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सोमवार को दिल्ली प्रवास के कारण यह कयास लगाए जा रहे थे कि मुख्य सचिव को लेकर निर्णय हो जाएगा, पर ऐसा नहीं हुआ। मंत्रालय में अधिकारियों-कर्मचारियों से लेकर कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी दिनभर यह जानने का प्रयास करते रहे कि मुख्य सचिव को लेकर निर्णय क्या होने वाला है, लेकिन असमंजस बरकरार रहा। मुख्य सचिव को लेकर तस्वीर अब तक साफ न होने को लेकर मंत्रालय में पदस्थ अधिकारी तीन संभावनाएं जता रहे हैं। पहली- यदि मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस को सेवावृद्धि दी जाती है तो मंगलवार को मुख्य सचिव को लेकर आदेश जारी नहीं होंगे। दूसरी - यदि सेवावृद्धि की संभावना धूमिल होती है तो फिर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ अनुराग जैन को मौका दिया जा सकता है। तीसरी - केंद्र सरकार अनुराग जैन को छोड़ने के लिए तैयार नहीं होती है तो फिर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ अजय तिर्की, प्रदेश में पदस्थ अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान, अपर मुख्य सचिव वन जेएन कंसोटिया या फिर कोई अन्य चौकाने वाला नया नाम सामने आ सकता है।

# आवासीय विद्यालय से गायब हुए दो मूकबधिर विद्यार्थियों में से एक मिला

## दूसरे की तलाश, वार्डन निलंबित

**भोपाल, यशभारत।** सामाजिक न्याय एवं निश्शक्तजन कल्याण विभाग की ओर से ईदगाह हिल्स पर संचालित मूकबधिर एवं दृष्टिबाधित आवासीय विद्यालय से शुक्रवार रात गायब हुए दो मूकबधिर विद्यार्थियों में से सीहोर निवासी किशोर रविवार शाम गांव पहुंच गया है। वहीं रायसेन के किशोर का देर रात तक कुछ पता नहीं था। दूसरी ओर विभाग के आयुक्त ने वार्डन को निलंबित करते हुए मामले की जांच के लिए कमेटी का गठन कर दिया है। रायसेन के लापता मूकबधिर किशोर के रिश्तेदार रविवार रात तक आवासीय विद्यालय के बाहर खड़े हुए थे। किशोर की मामी मनोरमा ने बताया कि हमारा बेटा सात साल तक रायसेन के विद्यालय में रहा, लेकिन कोई शिकायत नहीं की। यहां दो साल से ही आया था, लेकिन खुश नहीं था। हमें नहीं मालूम था बात इतनी बड़ी हो जाएगी। वह सबका लाड़ला था, पूरे परिवार के 20 से ज्यादा लोग और गांववाले तक उसे तलाशने में लगे हैं, लेकिन अधिकारी हमसे ठीक से बात तक नहीं कर रहे हैं। कहते हैं वह दीवार कूदकर गए, यह 10 फीट की दीवार है, ऊपर दो फीट कंटीले तार लगे हैं इसे बच्चे कैसे पार कर सकते हैं। यहां कई गड़बड़ियां हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती। विद्यालय से विद्यार्थियों के गायब होने के बाद शनिवार सुबह से जिम्मेदार इस घटना को छुपाते रहे, दोपहर तक वरिष्ठ अधिकारियों और पुलिस को जानकारी भी नहीं दी गई थी। देर शाम शाहजहांनाबाद थाने में अपहरण की एफआइआर दर्ज कराई गई।

> एक बच्चा घर पर मिल गया है, दूसरे का अभी पता नहीं चला है। मैने वार्डन को निलंबित कर दिया है। आवासीय विद्यालय में क्या गड़बड़ियां हुई, कैसे यह हालात बने, भविष्य में क्या सुधार किए जाने चाहिए, इसके लिए एक कमेटी का गठन किया है। कमेटी की जांच रिपोर्ट मिलने पर कदम उठाए जाएंगे।
>
> **- ई रमेश, आयुक्त, सामाजिक न्याय एवं निशक्त जनकल्याण विभाग**

# केन-बेतवा लिंक परियोजना के निर्माण कामों को गति देगी मध्य प्रदेश सरकार

## मांगे एक हजार 175 करोड़ रुपये

**भोपाल ,यशभारत।** मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की महत्वाकांक्षी केन-बेतवा लिंक परियोजना के कामों को शिवराज सरकार गति देगी। चार हजार हेक्टेयर राजस्व भूमि इसी सप्ताह वन विभाग को हस्तांतरित करने की तैयारी है। भू-अर्जन के लिए भी प्रस्ताव तैयार हो चुका है। भोपाल में प्राधिकरण का कार्यालय भी स्थापित हो गया है, जो जल्द ही विधिवत कार्य प्रारंभ कर देगा। उधर, राज्य सरकार ने केंद्र से 31 अगस्त 2022 तक परियोजना के अंतर्गत निर्माण कार्य पर व्यय किए जा चुके एक हजार 175 करो? रुपये की प्रतिपूर्ति करने की मांग की है। वहीं, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से अनुरोध किया है कि आगामी केंद्रीय बजट में परियोजना के लिए ढाई हजार करोड़ रुपये का प्रविधान किया जाए। केन-बेतवा लिंक परियोजना से मध्य प्रदेश



और उत्तर प्रदेश के नौ लाख आठ हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी। 41 लाख से अधिक व्यक्तियों के लिए पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी। 45 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजना को केंद्र सरकार से मंजूरी मिलने के बाद पन्ना टाइगर रिजर्व के प्रभावित क्षेत्र के बदले में कोर एरिया को विस्तार दिया जाना है। इसके लिए राजस्व विभाग की भूमि वन विभाग को स्थानांतरित करने की प्रक्रिया की जा रही है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जिला प्रशासन ने शासकीय और निजी भूमि चिन्हित कर ली है। लगभग चार हजार हेक्टेयर भूमि हस्तांतरित की जाना है। यह प्रक्रिया एक सप्ताह में पूरी कर ली जाएगी। पार्क से लगे पन्ना और छतरपुर जिले के गांवों के लोगों को विस्थापित किया जाना है, जिससे परियोजना के कामों को गति दी जा सके। इसके लिए सरकार ने राजपत्र में अधिसूचना भी प्रकाशित कर दी है। बांध निर्माण से लेकर परियोजना से जुड़े अन्य कार्यों के लिए केन-बेतवा लिंक परियोजना प्राधिकरण का कार्यालय भी भोपाल में स्थापित हो गया है। यह जल्द ही विधिवत कार्य प्रारंभ कर देगा। छतरपुर में भी कार्यालय खोला जाएगा। वहीं, बांध निर्माण के लिए निविदा आमंत्रित करने की तैयारी की जा रही है।

# डकैती कांड : सवालों के घेरे में पुलिस की कार्रवाई

## दो आरोपियों की गिरफ्तार को लेकर कटनी व मंडला पुलिस के अलग-अलग बयान, कट्टा, कारतूस और रूपए बरामदगी पर लगा प्रश्नचिन्ह

**मणप्पुरम गोल्ड लोन फाइनेंस बैंक में डकैती का मामला**

**यश भारत फॉलोअप**

कटनी, यशभारत।

मणप्पुरम गोल्ड लोन फाइनेंस बैंक में डकैती की सनसनीखेज वारदात के तीन दिन बीतने के बाद भी पुलिस फरार मुख्य आरोपियों तक नहीं पहुंच पाई है। पुलिस को न तो इन बदमाशों का कोई पुख्ता सुराग हाथ लगा है और न ही लूटा गया सोना और नगद रूपए मिले हैं, इसके



बावजूद मंडला पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों को अपने कब्जे में लेकर कटनी पुलिस वाहवाही लूटने में लगी हुई है। जिले के इतिहास में हुई अब तक की सबसे बड़ी डकैती की वारदात को जिले के पुलिस अधिकारियों ने कितने हल्के में लिया, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वारदात के बाद जहां जबलपुर रेंज के आईजी उमेश जोगा ने घटना की गंभीरता को देखते हुए संभाग के सभी जिलों की पुलिस को तत्काल एक्टिव किया तो वहीं कटनी जिले की पुलिस दो घंटे तक सीसीटीव्ही फुटेज तक नहीं जुटा पाई थी। कहा यही जा रहा है कि यदि आईजी सक्रिय न होते इन दो आरोपियों की गिरफ्तारी भी न हो पाती और पुलिस के हाथ खाली रह जाते। इन दो आरोपियों के पकड़े जाने से कम से कम गिरोह का तो पता चल गया। बहरहाल लुटेरों की गिरफ्तारी के लिए कटनी पुलिस बिहार पहुंच गई है और पूछताछ के आधार पर मिले सुरागों और मुखबिरों की सूचना के आधार पर फरार बदमाशों की पतासाजी कर रही है।

### आरोपियों ने मीडिया से कहा : हमने कुछ नहीं किया

रविवार की शाम पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित पत्रकारवार्ता में पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने पत्रकारों को बताया था कि पकड़े गए दोनों आरोपियों शुभम तिवारी एवं अंकुश साहू ने मणप्पुरम गोल्ड लोन फाइनेंस बैंक में डकैती की वारदात को अंजाम दिया जाना कबूल कर लिया है और पूछताछ में अपने गिरोह और फरार अन्य आरोपियों के बारे में जानकारी दी है, लेकिन कल सोमवार को जब न्यायालय में आरोपियों को पेश किया जा रहा था, उस समय आरोपियों ने मीडया से कहा कि उन्होंने कुछ नहीं किया है और वारदात को अंजाम दिया जाना भी स्वीकार नहीं किया है।



### बिहार में फरार बदमाशों की खाक छान रही कटनी पुलिस, अभी भी गिरफ्त से बाहर मुख्य आरोपी

#### सवाल : कहां से आया कट्टा और 20 हजार रूपए

इस पूरे मामले में कटनी और मंडला पुलिस के अलग-अलग बयान को लेकर भी कटनी पुलिस की कार्यप्रणाली पर उंगली उठ रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मंडला पुलिस ने डकैती के आारोपी इन दोनों बदमाशों शुभम तिवारी एवं अंकुश साहू को जब गिरफ्तार किया तो उनके पास से केवल मोटर साइकिल बरामद की गई थी, लेकिन कटनी पुलिस जब आरोपियों को लेकर यहां पहुंची तो उनके पास से देशी कट्टा, जिन्दा कारतूस एवं 20 हजार रूपए नगद बरामद होने की जानकारी मीडिया को दी गई। इसका खुलासा तब हुआ, जब मंडला पुलिस ने आरोपियों के पास से केवल मोटर साइकिल बरामद होने का बयान दिया।

#### न्यायालय से मिला 10 दिन का पुलिस रिमांड

मणप्पुरम गोल्ड लोन फाइनेंस बैंक में दिन दहाड़े डकैती के दोनों आरोपियों को पुलिस ने सोमवार को न्यायालय में पेश किया। पुलिस ने आरोपियों को डकैती व अन्य फरार आरोपियों के बारे में पूछताछ के लिए 10 दिन की रिमांड पर लिया है। पुलिस ने जिला अस्पताल में दोनों बदमाशों शुभम तिवारी व अंकुश साहू का मुलाहजा कराया। आरोपियों को न्यायालय से रिमांड पर लेने के बाद पुलिस ने उनसे वारदात के के संबंध में विस्तृत पूछताछ की। पुलिस बदमाशों की कॉल डिटेल, ठिकाना आदि की जानकारी जुटा रही है। आरोपियों के किनसे संपर्क हैं और इसके पहले कहां-कहां वारदातों को अंजाम दिया है, उसका भी पता लगा रही है।

### 120 से ज्यादा अधिकारी कर्मचारियों की 12 टीमें

बताया जाता है कि मणप्पुरम गोल्ड लोन फाइनेंस बैंक में डकैती की वारदात का पर्दाफाश करने के लिए 120 अधिकारियों-कर्मचारियों की 12 टीमें बिहार, मंडला, डिंडौरी, जबलपुर, नरसिंहपुर सहित अन्य जिलों में बदमाशों की तलाश में जुटी हुई हैं। जांच के दौरान पुलिस को बिहार राज्य में पंजीकृत एक अन्य कार की लोकेशन वारदात के दिन पन्ना नाका में 10 बजकर 48 मिनट पर व गोसलपुर में 11.54 में लोकेशन मिली है, जिसकी तलाश की जा रही है।

#### दीवाली के पहले जेल से आया था बदमाश

डकैती की वारदात में शामिल गिरफ्तार आरोपी शुभम तिवारी पत्रकार नगर थाना पटना बिहार का रहने वाला है, जिसकी आपराधिक कुंडली खंगालने पर पुलिस को पता चला है कि यह दो साल से जेल में बंद था। उस पर एनडीपीएस, चोरी आदि के अपराध दर्ज हैं। वह दीपावली के कुछ दिन पहले जेल से छूटकर संघमित्रा एक्सप्रेस से कटनी आया था। दूसरा आरोपी अंकुश साहू उर्फ विवेक थाना पांडेपुर थाना मुरार जिला बक्सर बिहार का रहने वाला है। वह 307 के अपराध में जेल जा चुका है। जेल में ही दोनों की सुबोध सिंह से दोस्ती हुई और गिरोह बनाकर इस वारदात को अंजाम दिया।

#### जबलपुर में दो बदमाशों की लोकेशन ट्रेस

डकैती की वारदात में शामिल दो बदमाशों की लोकेशन जबलपुर में भी मिली है। पुलिस ने बताया कि कुंडम से बाइक छोड़कर भागने वाले बदमाश बस का सहारा लेकर मालगोदाम जबलपुर तक पहुंचे। इसके बाद उनका कोई पता नहीं लग पाया है।बिहार में पंजीकृत जिस कार का पुलिस को वारदात में उपयोग किए जाने का शक था, वह नरसिंहपुर में मिली। कार का उपयोग करने वाले दो लोगों से नरसिंहपुर पुलिस व कटनी पुलिस ने पूछताछ की तो चला चला कि वे लोग पीएचई का काम करने वाले एक एजेंसी के कर्मचारी हैं। पूछताछ के बाद पुलिस ने उन्हें जाने दिया।

# मौलाना वार्ड में सीसी रोड का हुआ भूमिपूजन



**2.77लाख की लागत राशि से होगा रोड निर्माण**

**पनागर, यशभारत।** मौलाना वार्ड पनागर में रोड निर्माण की वर्षो से चली आ रही मांग लंबे समय से लंबित सडक रही जो ग्रामीण क्षेत्र के अनेक गांव के साथ वार्ड की जनता की मुख्य सडक का भूमि पूजन नगरपालिका अध्यक्ष प्रदीप पटैल,वार्ड पार्षद श्रीमती आबदा बाबू खांन,पार्षद श्रीमती प्रीति राय द्वारा किया गया ,जिसमें सहायक यंत्री अमृता बरारे,सहायक यंत्री चंद्रा बेन,शिवम जैन,उदय यादव,अमित वर्मा,रिंकू सैनी उपस्थित रहे वार्ड के नागरिकों ने नपा. के प्रति आभार किया गया जिसमें पूर्व पार्षद बाबू खान अयूब खान हाजी इस्माइल खांन मंजूर अली निजाम खांन अहमद खान सोनू खांन नवाब खांन हैदर अली हनीफ खांन मनीराम पाल सतीश केवट हमीद खांन रजाक खांन रियाज खांन रफीक खांन भूरा खांन तौसीफ बेग हामिद शाह आदि उपस्थित थे।

## सरस्वती विद्यालय में चाइल्ड हुड केयर एंड एजुकेशन का हुआ आयोजन

**गोटेगांव, यशभारत।** स्थानीय सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में ईसीसी ई अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन प्रारंभिक एवं बाल्यावस्था शिक्षा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के निर्देशन पर कक्षा 2 से कक्षा 6 तक के छात्रों ने रामविवाह



उत्सव का शानदार आकर्षक मनमोहक चरित्रचित्रण प्रस्तुत किए जाने के उपरांत संस्थाप्राचार्य कमलेशतिवारीजी ने भगवान श्रीराम और सीतामैयाजी के चरित्र पर वर्णन करते हुए उनका विवाह कैसे हुआ भगवान श्रीराम द्वारा धनुष यज्ञ में धनुष तोड़ना व सीता द्वारा स्वयंवर में राम का वरण करना जैसी अनेक जानकारियां विस्तारपूर्वक दी गई इस अवसर पर प्रधानाचार्य नर्मदागुप्ता अनिलअग्निहोत्री मुकेशसोनी सरदारपटेल सविताराजपूत दीपिकापटेल जानकीपटेल तुलसानामदेव सुलेखासोनी किरणचौरसिया सहित समस्त शाला स्टाफगण अभिभावकगण व भैयाबहन उपस्थित थे।

## बसपा राज्यसभा सांसद, विधायक सहित प्रदेश के नेताओं का आगमन आज

**जबलपुर यशभारत।** बहुजन समाज पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद रामजी गौतम, विधायक रामबाई सिंह, बसपा प्रदेश अध्यक्ष रमाकात पिप्पल, बसपा के पूर्व विधायकों सहित प्रदेश प्रभारी श्रीकांत,का आज जबलपुर आगमन हो रहा है, वह 30 नवंबर को सिवनी में बसपा के संभाग स्तरीय सम्मेलन से विधानसभा चुनाव 2023 का आगाज करेंगे, जबलपुर से 30 नवंबर को सुबह 9 बजे सिवनी के लिए अपने काफिले के साथ प्रस्थान करेंगे, बसपा के बालकिशन चौधरी जोन प्रभारी उमाकांत बंदेवार,राकेश चौधरी, मानकलाल गोटिया, एड लखन अहिरवार, राकेश समुंदरे, दिनेश कुशवाहा, डॉ सतपाल सिंह, जानकी प्रसाद सहित बसपा पदाधिकारीयों ने उपस्थिति की अपील की है ।



# कलचुरी समाज का ऐतिहासिक नि :शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

**गोटेगांव, यशभारत।** भारत देश की आज़ादी के बाद गोटेगांव की पावन भूमि पर कलचुरी समाज का विशाल ऐतिहासिक आयोजन किया गया।नगर के स्थानीय प्रखर गार्डन में श्री सहस्त्रबाहु कलचुरी महासभा कलार समाज इकाई श्रीधाम द्वारा अखिल भारतीय निशुल्क युवकयुवती परिचय सम्मेलन निशुल्क सामूहिकविवाह कल्याणी विदुर पुनर्विवाहनिराश्रित कन्याओं का विवाह का भव्य ऐतिहासिक आयोजन धूमधाम व हर्षोल्लासमय वातावरण में किया गया सर्वप्रथमभगवान श्रीसहस्त्रबाहुजी के तैलचित्र पर पूर्णविधि विधान मंत्रोच्चारण से पूजनअर्चन किए जानेके उपरांत प्रात:8बजे से वैवाहिक हिंदीपिक्चर कार्यक्रम का शुभारंभ बिग कमांडर विनोदरायजी राष्ट्रीय कार्य कारिणी अध्यक्ष द्वारा किया गयावैवाहिक कार्यक्रम पं.जितेंद्रचौबेजी के आचार्यत्व में पांच ब्राह्मणों द्वारा पूर्ण विधिविधान मंत्रोच्चारण से संपन्न कराया गया नव युगलों को केंद्रीयमंत्री मा.फग्गनसिंहजी कुलस्ते पूर्व राज्यमंत्री विधायक मा. जालमसिंहजीपटेल विधायक मा.एनपी प्रजापतिजी तेंदूखेड़ाविधायक मा.पं. संजय शर्माजी वा अन्य अतिथियों द्वारा शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किए के उपरांत प्रात:11 बजे से संपूर्ण भारत वर्ष से पधारे महासभा व अन्य संगठनों के पदाधिकारीगण प्रोफेसर विचारक इतिहासकार व मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिले से संगठन के पदाधिकारीगण व स्वजातीयबंधु मातृशक्ति की गरिमामयी उपस्थिति रही मंच पर केंद्रीयमंत्रीजी मा. विधायकगणों राष्ट्रीय प्रदेश पदाधिकारियों का शाल श्रीफल स्मृतिचिन्ह व पुष्पमाला ओं से स्वागत अभिनंदन सम्मेलनप्रभारी पंकजचौकसे व कार्यक्रमअध्यक्ष राजेंद्र राय व्यवस्थापक मुकेशचौकसेजी द्वारा किये जाने के उपरांत विंगकमांडर मा. विनोदरायजी द्वारा भगवान श्रीसहस्त्रबाहु जी के जीवनव्रत व कलचुरीसमाज के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालनेके तत्पश्चात केंद्रीयमंत्री मा.फग्गनसिंहजी कुलस्ते द्वारा अपने आशीर्वचन मेंसंगठित समाज व महासभा द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए नव युगलो व आयोजकों को शुभकामनाएं व्यक्त की तत्पश्चात पूर्व राज्यमंत्री मा. जालमसिंहजी द्वारा निशुल्क सर्वधर्म सामूहिक विवाह व कल्याणी विधवा पुन विवाह निराश्रित कन्याओं के विवाह की पहल को अनुकरणीय तथा समाजहित में ऐतिहासिक निर्णय बताया तत्पश्चात विधायक मा.एनपी प्रजापतिजी ने भगवान श्रीसहस्त्रबाहुजी के आदर्शो को राष्ट्र व समाज के उत्थान में कलचुरी समाज को योगदान देने आवाहन किया विधायक



मा.पंडित संजयशर्माजी ने कन्याओं के सामूहिक विवाह नवयुवक युवतियों के परिचय सम्मेलन को वर्तमान समय में परोपकार व कन्यादान के महत्व को बताते हुए आयोजकों को बधाई व आशीर्वाद प्रदान करते हुए प्रत्येक समाज के नवयुवक व नवयुवतियों को अपने ही समाज में विवाह करने हेतु संकल्पित होना परम आवश्यक है इससे सामाजिक संगठनों को सचेत व संगठित होकर पहल करने की आवश्यकता पर बल दिया बाहर से पधारे सम्मानीय अतिथिगणों द्वारा समाज के गौरवशाली इतिहास समान व्याप्त कुरीतियों भगवान श्रीसहस्त्रबाहु जी पर बन रही फिल्म धारावाहिक वेबसाइट समाज के विभिन्न संगठनों के एकीकरण समाजहित में सामूहिक प्रयास कर सुशिक्षित चरित्रवान व सुसंस्कारित समाज की रचनाकर अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाहन करें कार्यक्रम का संचालन सम्मानीय एड.शंकरलालजीराय बा मातृशक्ति स्वरूपा श्रीमती जागृति आलोक मालवीयजी द्वारा किया गया कार्यक्रमप्रभारी पंकजचौकसे द्वारा सभी सम्मानीय मुख्यअतिथियों विशिष्ट अतिथि गणों समस्त अतिथिगणों बाहर से पधारे सभी सम्मानीय स्वजातीयबंधुओं मातृ शक्ति कार्यक्रम को अपने अथक प्रयास से भव्य व दिव्य बनानेवाले गोटेगांव कलचुरीसमाज पदाधिकारियों युवा समिति पत्रकारबंधुओं टेंटभोजन व अन्य व्यवस्थाओं में अपनी सक्रिय सहभागिता हेतु हृदय की गहराइयों से धन्यवादज्ञापित करते हुए आभार व्यक्तकर भविष्य में आशीर्वाद व सहयोग ऐसेही देने की कामना व्यक्त की ।

# रुकमणी पैलेस में सम्यक अभियान कार्यक्रम संपन्न

**कुंडम, यशभारत।** सिहोरा के रुकमणी पैलेस में सम्यक अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया यह कार्यक्रम केशव प्रसाद मिश्रा की अध्यक्षता एवं अशोक खरे के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में डॉक्टर भास्कर राव ने सिहोरा विधानसभा का सर्वे करा कर इस विधानसभा क्षेत्र का पूरा अध्ययन किया जिसमें पाया इस विधानसभा क्षेत्र में बहुत ज्यादा बेरोजगारी है जबकि विधानसभा में रोजगार के बहुत सारे अवसर है सरकार ने युवाओं को नौकरी रोजगार देने का वादा किया था परंतु वह इस वादे से बहुत दूर हो चुकी है इस समय देश प्रदेश की स्थिति बहुत संकट में है आर्थिक स्थिति भी डामाडोल है सरकार नौकरियां खत्म करते जा रही है प्राइवेट कंपनियों से काम करवा रही है जिससे युवाओं को रोजगार नहीं मिल पा रहा बेरोजगारी की समस्या को हल करने के उपाय भी उन्होंने बताया इन तमाम विषयों पर गहराई से प्रकाश डाला इस कार्यक्रम के मुख्य आयोजक डॉ संजीव वरकडे का स्वागत अशोक खरे पंडित केशव मिश्रा जितेंद्र श्रीवास्तव राजेश सोनी बिहारी पटेल मुन्नू दीक्षित मंजू मिश्रा ने माला पहना कर पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया सभी ने कहा एक शानदार आयोजन डॉक्टर संजीव वरकड़े के द्वारा संपन्न होने जा रहा है इसलिए उनका सम्मान करना जरूरी है इसके पहले मंचासीन अतिथियों का उसको कुछ इसे तिल सानी सरपंच उपसरपंच संजय यादव मनोज सिंह रवि ठाकुर हर क्षेत्रीय लोगों ने पुष्पमाला पहनाकर सभी अतिथियों को सम्मानित किया कार्यक्रम का संचालन खेल प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजेश सोनी द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आदिवासी युवा और बुजुर्ग शामिल हुए जो सेहरा विधानसभा के अनेकों गांव से आए हुए थे इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्षद राजेश चौबे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण पाठक डॉक्टर गोस्वामी डॉ लोटन सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने पूरी तरह नई इनोवा हाईक्रॉस पेश

**मुंबई, एजेंसी।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज इनोवा हाईक्रॉस का अनावरण कर इनोवाकी यात्रा में एक नए युग की शुरुआत की। यह एक सेल्फ-चार्जिंग स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल(एसएचईवी) है। टोयोटा न्यू ग्लोबल आर्किटेक्चर (टीएनजीए) पर आधारित, नवीनतम इनोवा भारतीय ग्राहकोंको आकर्षित करने के लिए टोयोटा की विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त गुणवत्ता, स्थायित्व और उन्नत तकनीकद्वारा समर्थित विश्वसनीयता का जश्न मनाती है। नई इनोवा हाईक्रॉस टीएनजीए 2.0 लीटर के साथ 5वीं पीढ़ी के सेल्फ-चार्जिंग स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिकसिस्टम द्वारा संचालित है जिसमें 4 सिलेंडर गैसोलिन इंजन और ई-



ड्राइव अनुक्रमिक शिफ्ट के साथ एकमोनोकॉक फ्रेम 137 केडब्ल्यू (186 पीएस) का अधिकतम पावर आउटपुट देता है, जो तेजी से त्वरण प्रदानकरता है और सेगमेंट ईंधन अर्थव्यवस्था में सर्वश्रेष्ठ है। यह वाहन टीएनजीए 2.0 लीटर 4-सिलेंडर गैसोलिनइंजन के विकल्प के साथ आता है जो 128 केडब्ल्यू (174 पीएस) का आउटपुट देने वाले चुनिंदा ग्रेड मेंडायरेक्ट शिफ्ट सीवीटी से जुड़ा है। पारिवारिक जरूरतों के लिए डिज़ाइन किया गया, सुविधाओं से भरपूर नई इनोवा हाईक्रॉस ग्लैमर, मजबूती,आराम, सुरक्षा और उन्नत तकनीक प्रदान करने वाले हर अवसर के लिए एक वाहन है। टोयोटा की समृद्धवैश्विक एसयूवी विरासत से प्रेरणा लेते हुए, नई इनोवा हाइक्रॉस में पर्याप्त जगह के साथ एक ठोस औरमजबूत डिजाइन है जो सभी के लिए लचीला और आरामदायक बैठने की सुविधा प्रदान करता है। यह बहुमुखीवाहन उन परिवारों के लिए लक्षित है जो एक ऐसा वाहन चाहते हैं जो उबड़-खाबड़ सड़कों को झेल सके और एकसहज, थकान-मुक्त ड्राइव प्रदान कर सके।

# बीमारियों को रोकने के साथ भविष्य की स्थिति बताने में मददगार जीनोमिक मेडिसिन

**एजेंसी।** जीनोमिक्स क्षेत्र में गहन शोध ने रोगजनन और उनके संभावित उपचारों की बेहतर समझ का मार्ग प्रशस्त किया है। इस बात के पर्याप्त प्रमाण हैं कि अलग-अलग रोगियों में समान दवाएं और उपचार कम या ज्यादा प्रभावी हो सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि उनके शरीर अलग-अलग तरीकों से इन दवाओं को मेटाबोलाइज करते हैं या फिर जेनेटिक मेकअप में अंतर के कारण उपचार पर प्रतिक्रिया करते हैं। यह जानकारी नई दिल्ली स्थित अपोलो जीनोमिक्स इंस्टीट्यूट्स की ओर से 25 और 26 नवंबर को अपोलो इंद्रप्रस्थ अस्पताल में आयोजित एक कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने दी। संगोष्ठी की शुरुआत अपोलो हॉस्पिटल्स एंटरप्राइज लिमिटेड की एक्जीक्यूटिव वाइस चेयरपर्सन डॉ. प्रीता रेड्डी और अपोलो हॉस्पिटल्स के ग्रुप मेडिकल डायरेक्टर प्रोफेसर अनुपम सिब्बल के उद्घाटन भाषण के साथ हुई। इसके बाद प्रतिष्ठित फैकल्टी डॉ. आईसी वर्मा एवं डॉ. राशिद मर्चेंट ने पहले सत्र की अध्यक्षता की। कार्यक्रम के दौरान समूह चिकित्सा निदेशक और गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. अनुपम सिब्बल ने कहा, फ्अपोलो जीनोमिक्स संस्थान के माध्यम से, हमारा समूह भारत का अग्रणी संस्थान बनाने का प्रयास करता है जो आनुवंशिक चिकित्सा को आगे बढ़ाता है और इसे विशिष्टताओं में नैदानिक अभ्यास में एकीकृत करता है। हम रोग की उत्पत्ति और पाठ्यक्रम में आनुवंशिकी द्वारा निभाई गई भूमिका को जानते हैं और संस्थान द्वारा किए जा रहे अनुसंधान और नैदानिक कार्यों के माध्यम से हम आशा करते हैं कि कई बीमारियों को रोकने में मदद करने के लिए आनुवंशिक चिकित्सा को मुख्यधारा में लाया जा सके।'' इस अवसर पर बोलते हुए, डॉ. प्रीता रेड्डी ने कहा, फ्मेडिसिन में अगली सीमा जीनोमिक्स की है। अनुसंधान तेजी से बीमारियों की एक पूरी श्रृंखला विकसित करने की प्रवृत्ति में जीन की भूमिका की ओर इशारा करता है। साथ ही, अब बेहतर और अधिक सटीक परीक्षण उपलब्ध होने के साथ, हमें इस विज्ञान के दायरे को व्यापक समुदाय तक विस्तारित करने की आवश्यकता है। हमारी आबादी की विविधता और बीमारी के बोझ को देखते हुए, विशेष रूप से गैर-संचारी रोगों को देखते हुए, एक निवारक और भविष्य कहने वाले उपकरण के रूप में आनुवंशिक परीक्षण की आवश्यकता अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## ऑनलाइन स्किल गेमिंग केंद्र सरकार का अधिकार क्षेत्र

**एजेंसी।**भारत का ऑनलाइन गेमिंग उद्योग चीन और यूएसए की चमक फीकी करते हुए दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रहा है। अर्थव्यवस्था में उद्योग के लगातार बढ़ते योगदान के बावजूद, इस क्षेत्र के लिए नियामक तंत्र से काफी कुछ अपेक्षित है। हमारे माननीय प्रधान मंत्री ने गेम डेवलपर्स और इनोवेटर्स को ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने आत्मनिर्भर 'डिजिटल इंडिया% के लिए अपने विजन का समर्थन किया है। यह विजन भारत को वैश्विक गेमिंग हब बना सकता है। हालांकि, गेमिंग सेक्टर को विभिन्न राज्य सरकारों से लगातार नियामकीय संकट का सामना करना पड़ रहा है, जिससे इसकी तेज वृद्धि और निवेश क्षमता बाधित हुई है।

# क्या होगा ज्ञानवती का राजनीतिक भविष्य

**उमरिया , यशभारत।** 2020 में कांग्रेस के 25 विधायकों के भाजपा में शामिल होने पर सत्ता परिवर्तन होने के बाद कांग्रेस के और भी नेता खासकर सिंधिया गुटके कांग्रेस को छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे जिसमें उमरिया जिले की पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री ज्ञानवती सिंह ने भी कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया थाद्य ज्ञानवती सिंह दो बार जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुकी हैं,उमरिया जिले के मानपुर सीट से एक बार कांग्रेस की टिकट पर और एक बार निर्दलीय रूप में विधायक का चुनाव लड़ चुकी हैंद्य और उमरिया जिले की बड़ी आदिवासी चेहरा भी मानी जाती हैंद्य अब महत्वपूर्ण विषय यह है कि ज्ञानवती सिंह के भाजपा में आ जाने के बाद क्या उन्हें 2023 में भाजपा से विधानसभा की टिकट दी जाएगी या फिर वर्षो से कांग्रेस पार्टी की सेवा कर उस दल को छोड़कर भाजपा में आई ज्ञानवती सिंह खाली बैठेगीद्य वैसे वर्तमान में संपन्न हुए जिला पंचायत के चुनाव में ज्ञानवती सिंह को करारी हार का सामना करना पड़ा है,और फिलहाल वो किसी भी पद पर नहीं हैद्य ज्ञानवती सिंह सिंधिया गुट की मानी जाती हैं और सिंधिया की काफी करीबी भी हैंद्य भारतीय जनता पार्टी में सिंधिया के बढ़ते हुए कद को देखकर यह कयास लगाया जा रहा है कि ज्ञानवती सिंह को इस बार भारतीय जनता पार्टी से विधानसभा टिकट मिल सकती है पर उन्हें टिकट देने के लिए चार बार की विधायक और मंत्री सुश्री मीना सिंह का टिकट या फिर भाजपा के जनसंघ जमाने के नेता ज्ञान सिंह के पुत्र एवं दो बार के विधायक शिवनारायण सिंह लल्लू का टिकट काटा जाएगाद्य उमरिया जिले में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए काफी कशमकश की स्थिति बनी हुई हैद्य अब देखना यह है कि 2023 में ज्ञानवती सिंह का क्या भविष्य तय होता हैद्य

## रिटायर कृषि अधिकारी राजेंद्रकुमार नेमा का स्वर्गवास



**गोटेगांव, यशभारत।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक समाज सेवी आदि कृषि केंद्र के संचालक अतुल कुमार नेमा के परमपूज्य पिताश्री श्री राजेंद्रकुमार नेमाजी (रिटायर कृषि अधिकारी) का 72 वर्ष की आयु मे अचानक हृदयगति रुक जाने के कारण आकस्मिक निधन हो गया आप सहज सरल मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे आपके निधन का समाचार प्राप्त होते ही परिवारजनों व शुभचिंतकों में गहराशोक व्याप्त हो गया अंतिमसंस्कार शवयात्रा में सभी वर्ग समुदाय के लोगों सहित विभिन्न राजनैतिक सामाजिक स्वयंसेवी संगठनों के जनप्रतिनिधियों व ग्रामवासियों ने ग्राम मेख स्थित मुक्तिधाम में शामिल होकर दाह संस्कार करने के उपरांत उपस्थित जनों ने ब्रह्मलीन श्री नेमाजी की दिवंगत आत्मा की शांति हेतु अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पितकर शोकसंतृप्त परिवारजनों के प्रति शोकसंवेदना व्यक्तकर शोकाकुल परिवारजनों को इस गहन दुख सहन करने हेतु परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की।

# मेजबान रादुविवि क्वालीफाइंग राउण्ड में, कोलापुर गोल्डन रेड में जीती

## रादुविवि वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी कबड्डी पुरुष वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता





**जबलपुर यशभारत।** रानी दुर्गावती यूनिवर्सिटी के तत्वावधान में विश्वविद्यालय खेल परिसर और जानकी नगर खेल मैदान में चल रही वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में रोमांचक प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। मेजबान रादुविवि के खिलाड़ियों ने धाकड़ प्रदर्शन जारी रखते हुए शान से क्वालीफाइंग राउण्ड में प्रवेश किया। जबकि कोलापुर यूनिवर्सिटी ने एस.एस.पी.यू. पुणे को गोल्डन रेड से हराकर अगले चक्र में प्रवेश लिया। मेजवान रादुविवि जबलपुर का मैच प्रो. अलका नायक अधिष्ठाता शिक्षा संकाय रादुविवि एवं मप्र साइकिलिंग संघ के सचिव भीष्म सिंह राजपूत के आतिथ्य में खेला गया। इसमें मेजवान जबलपुर विश्वविद्यालय की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए व्हीजीयू जयपुर को 54-21 के बड़े अंतर से परास्त किया और क्वालीफाइंग राउंड के लिए अपनी जगह सुनिश्चित कर ली।शारीरिक शिक्षण विभाग रादुविवि जबलपुर द्वारा आयोजित वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता सोमवार को प्रात-खेले गए अन्य मैचों में डॉ.बीएएम औरंगाबाद विवि विरूद्ध एमएस विवि बड़ौदा के मध्य मैच खेला गया इसमें औरंगाबाद की टीम 49- 36 से विजयी रही।इसी प्रकार ओपीजे विवि विरुद्ध यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान के मध्य खेले गए मैच में ओपीजे विवि चुरू 49-47 से संघर्षपूर्ण मुकाबले में विजयी रही। जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर विरुद्ध जीटीयू अहमदाबाद के मध्य खेले गए मैच में जीवाजी विवि ग्वालियर संघर्षपूर्ण मुकाबले में 42-40 से बिजयी रही। आयोजन सचिव एवं विवि शाशिवि निदेशक प्रो. विशाल बन्ने ने बताया कि 29 नवम्बर को क्लाइफाइंग राउंड के मैच खेले जायेंगें, मैच के दौरान बीपीएड, एमपीएड के विद्यार्थियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### रोमांचक मुकाबले में दिखा खिलाडियों का कला कौशल

श्रीजानकीरमण कला एवं । महाविद्यालय के खेल परिसर में चौथे दिन कुल खेले गये कुल 06 मुकाबलों में खिलाड़ियों ने श्वांस रोधक प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ अतिथियों प्रो.लीला भलावी अतिरिक्त संचालक, उच्चक शिक्षा जबलपुर संभाग, पुष्पराज सिंह बघेल,कुलसचिव, नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल यूनिवर्सिटी, श्री अयोध्या तिवारी, पार्षद, जितेन्द्र ठाकुर,संजय यादव म.प्र. खो खो संघ के सचिव, राष्ट्रीय बॉलीबाल खिलाड़ी नीलम चंसोरिया, संतोष सिंह राजपूत,सेवानिवृत्त जिला खेल अधिकारी , अखिलेश चंद्र त्रिपाठी, तीरंदाजी महासंघ के कोषाध्यक्ष श्री धन्य कुमार विद्यार्थी, डॉ.आशुतोष दुबे, प्राचार्य केशरवानी महाविद्यालय, प्रो. ध्रु व दीक्षित, डॉ. शालिनी यादव, क्रीड़ाधिकारी के द्वारा श्री हनुमान जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण यार्पण कर पूजन अर्चन से हुआ। समस्त् अतिथियों का स्वागत शरद चंद पालन, शासी निकाय अध्यिक्ष,महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. शक्ति सिंह मण्डलोई, डॉ. गंगाधर त्रिपाठी ने मोतियों की माला एवं स्मृति चिन्ह् प्रदान कर किया। मैचों में पारूल युनिवर्सिटी बडोदरा ने 48-26 से यूनिवर्सिटी आफ मुम्बई को, कोल्हापुर यूनिवर्सिटी ने पेसिफिक यूनिवर्सिटी को उदयपुर को 46-19 से डी.ए.वी.वी. इंदौर ने एम.डी.एस.यू. अजमेर को 27-09 से, पेसिफिक यूनिवर्सिटी को बी.यू. भोपाल को 52-32 से, पारूल युनिवर्सिटी बडोदरा ने डी.ए.वी.वी. इंदौर 45-27 से, संपूर्ण प्रतियोगिता का संचालन डॉ. आनंद सिंह राणा ने किया।

निर्णायक जे.सी शर्मा, प्रकाश यादव शानू, पतिराज सिंह बघेल, पुष्पेंद्र पांडे, सुनील ठाकुर अशोक पांडे, रविंद्र पांडे, जयेश परिहार, गुलबहार खान, बृजेश बावरा, पुष्पा रघुवंशी एवं परमूलाल यादव रहे। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के अनामिका सिंह, प्रशांत पाठक, तरुण मिश्रा, श्रीमती राधा झारिया, मुकेश श्रीवास्तव, चंद्रकुमार चौबे ,मनोज चौरसिया, हेमंत सोंधिया, काजल मानेक,नीना चौबे, प्रियंका यादव, मीनाक्षी लोधी, डेनियल पटेल, संजय पांडे, गोपाल रैकवार, भूपेंद्र अहिरवार के साथ बडी संख्याध में छात्र-छात्राओं की उपस्थित रही।

# बाहर होने की कगार पर पूर्व चैंपियन जर्मनी स्पेन से मैच ड्रॉ, नॉकआउट में जाना मुश्किल



**अल खोर एजेंसी।** 4 बार की वर्ल्ड चैंपियन जर्मनी कतर में चल रहे फुटबॉल वर्ल्ड कप से बाहर होने की कगार पर है। 2014 की चैंपियन जर्मनी ने रविवार-सोमवार की रात स्पेन के साथ 1-1 का ड्रॉ मैच खेला और उसे स्पेन से अंक बांटना पड़ा। अल बेत स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले के 82 मिनट तक जर्मनी की टीम एक गोल से पिछड़ रही थी। 83वें मिनट में निकलस फुलक्रूज ने बराबरी का गोल दागा। इससे पहले 62वें मिनट में एल्वारो मोरटा ने स्पेन को 1-0 बढ़त दिलाई। मुकाबले का पहला हॉफ गोलरहित रहा।

### एक अंक के साथ निचले पायदान पर है जर्मनी

स्पेन 4 अंकों के साथ ग्रुप ई के टॉप पर है। जबकि जर्मनी 1 पॉइंट के साथ निचले स्थान पर है। वहीं, जापान 3 अंक के साथ दूसरे, कोस्टा रिका इतने ही अंकों के साथ तीसरे नंबर पर है। स्पेन के खिलाफ ड्रॉ की वजह से जर्मनी की आगे जाने की मुश्किलें बढ़ गई है। उसे आगे जाने के लिए कोस्टा रिका के खिलाफ अपना अगला मैच किसी भी हाल में बड़े अंतर से जीतना होगा। साथ ही प्रार्थना करनी होगी कि स्पेन जापान को हरा दे।

### एल्बा का पास....और मोराटा का गोल

पहला हॉफ गोल रहित रहने के बाद पहला गोल 56वें मिनट में सब्स्टीट्यूट हो कर आए एल्वारो मोराटा ने स्पेन को बढ़त दिला दी। उन्होंने लेफ्ट बैक जोर्डी एल्बा के पेनल्टी बॉक्स के बाहर से आए पास को सुंदरता से दाहिने पैर के सहारे जालियों में उलझाया।

### मुसिआला के पास पर आया गोल

आखिरी 30 मिनट में जर्मनी ने आक्रामक खेल दिखाया। सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी फुलक्रूज ने 83वें मिनट में स्कोर किया। यह गोल जमाल मुसिआला के पास पर आया।

### बॉल रखने के मामले में स्पेन आगे

स्पेन ने मैच में जर्मनी से ज्यादा पजेशन रखा। स्पेन 65त्न समय बॉल अपने पास रखी। वहीं जर्मनी ने 35त्न समय ही बॉल अपने पास रख पाई।

### पहले हॉफ में डिफेंसिव रहे जर्मन

पहले हाफ में डिफेंसिव गेम खेलने के बाद दूसरे हाफ में जर्मनी ने अटैकिंग गेम दिखाया। पूरे मैच में जर्मनी ने कुल 11 शॉट गोल की तरफ मारे। वहीं, स्पेन सिर्फ 7 ही शॉट मार पाई।

### स्पेन के उनाई सिमन ने की शानदार गोलकीपिंग

स्पेन के गोलकीपर उनाई सिमन ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने मैच में 3 अहम सेव किए। 74वें मिनट में जर्मनी के जमाल मुसियाला डिफेंडर्स को भेदते हुए बॉल को अंदर तक ले गए। उन्होंने समय लेकर शॉट मारा, लेकिन सिमन ने उसे बचा लिया।

# क्या कियारा आडवाणी करने जा रही हैं सिद्धार्थ मल्होत्रा से शादी? एक पोस्ट ने मचा दी खलबली



**मुंबई,ईएमएस। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट, विक्की कौशल और कटरीना कैफ की शादी के बाद अब बॉलीवुड में जो जोड़ी अब चर्चा का विषय बनी हुई है, वो है कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा की। इस नए-नवेले कपल ने हालांकि कभी एक-दूसरे का खुलकर नाम नहीं लिया और न ही कभी बताया कि वो डेट कर रहे हैं। लेकिन बातों-बातों में कई दफा इशारा कर फैन्स को सबूत दे चुके हैं। यहां तक कि अब वो दोनों जो कुछ भी करते हैं, फैन्स एक-दूसरे से ही रिलेट करने लगते हैं। एक बार फिर कियारा के सोशल मीडिया पोस्ट पर फैन्स ने अपना कुछ ऐसा ही रिएक्शन दिया है, जब एक्ट्रेस ने कहा कि वो 2 दिसंबर को सरप्राइज देंगी।दरअसल, कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा की शादी कब होगी, इस बात पर कई बार अफवाह उड़ चुकी है। कुछ में कहा गया कि ये इसी साल यानी 2022 में सात फेरे लेंगे और कुछ में कहा गया कि ये 2023 में नए सफर की शुरुआत करेंगे। खैर। अब कियारा आडवाणी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है और फैन्स को सरप्राइज देने की बात कही है।**

### कियारा आडवाणी देने वाली हैं सरप्राइज

कियारा ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें वो सफेद रंग के पर्दे के इर्द-गिर्द इठलाती-बलखाती दिखाई दे रही हैं। साथ ही कैप्शन में लिखा है- मैं इस सीक्रेट को और लंबे समय तक छिपा कर नहीं रख सकती। जल्द आ रहा है। मेरे साथ बने रहिए... 2 दिसंबर को रिवील किया जाएगा। अब इसके आने के बाद लोगों ने अपने दिमाग के घोड़े दौड़ाने शुरू कर दिए। ऐसे-ऐसे कमेंट किए, जिसे पढ़कर आपकी भी हंसी छूट जाएगी।

### लोगों ने किया कियारा के पोस्ट पर कमेंट

एक यूजर ने लिखा- क्या ये प्री वेडिंग शूट का है? एक ने लिखा- आपकी और सिड की शादी... ये तो पहले से ही पूरे देश को पता चल गया है। कोई दूसरा सीक्रेट बताना। एक ने लिखा- शादी होने वाली है दोस्तों। ये ही घोषणा करनी है। एक ने लिखा- क्या ये शादी करने जा रही है या फिर कुछ और? एक ने लिखा- क्या आप अपना ब्रांड लॉन्च करने जा रही हैं? एक ने लिखा- सिद्धार्थ और कियारा की सगाई होगी।

# कतर में शर्मनाक हार पर बेल्जियम में बवाल, फुटबॉल फैंस का गजब उत्पात, अलर्ट पर दो देश

**कतर एजेंसी। मोरक्को से फीफा वर्ल्ड कप 2022 में हार के बाद बेल्जियम में फुटबॉल फैंस ने जमकर बवाल काटा है। इसका असर नीदरलैंड्स में भी देखने को मिला। दोनों ही जगह भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस को कार्रवाई करनी पड़ी।मोरक्को ने फीफा फुटबॉल वर्ल्ड कप में उलटफेर करते हुए खिताब के दावेदार बेल्जियम को 2-0 से हरा दिया। दोहा में खेले गए ग्रुप-एफ मुकाबले में अब्देलहमीद साबीरी ने 73वें मिनट में गोल कर मोरक्को को आगे किया और फिर जकारिया अबुखलाल ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में दूसरा गोल कर टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। मोरक्को की वर्ल्ड कप में यह केवल तीसरी जीत है। इस जीत के बाद मोरक्को की टीम दो मुकाबलों में एक जीत और एक ड्रॉ से अपने ग्रुप में पहले स्थान पर पहुंच गई है जबकि नॉकआउट में पहुंचने के लिए बेल्जियम की परेशानी अब बढ़ गई है। इसके बाद बेल्जियम और नीदरलैंड्स में फुटबॉल फैंस ने जमकर बवाल काटा। पुलिस को कार्रवाई करनी पड़ी और कई लोगों को गिरफ्तार भी किया है। ब्रसेल्स में और एंटवर्प के उत्तरी शहर में भीड़ को कंट्रोल में करने के लिए पुलिस ने दर्जनभर लोगों को हिरासत में लिया है। ब्रसेल्स के मेयर फिलिप क्लोज ने लोगों से शहर से दूर रहने का आग्रह किया और कहा कि अधिकारी सड़कों पर व्यवस्था बनाए रखने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। बवाल का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पुलिस के आदेश पर मेट्रो और यातायात को भी कुछ देर तक रोकना पड़ा।**



### मोरक्को का गोलकीपर मैच से ठीक पहले रहस्यमयी तरीके से गायब, वर्ल्ड कप में मच गया हंगामा

मोरक्को के नियमित गोलकीपर यासिने बोनोऊ रविवार को यहां बेल्जियम के खिलाफ विश्व कप मैच के शुरू होने से पहले रहस्यमयी ढंग से गायब हो गए। हालांकि इस मैच में मोरक्को ने बेल्जियम को 2-0 से हराकर उलटफेर किया। बोनोऊ मोरक्को टीम के साथ राष्ट्रगान के लिए खड़े हुए थे और फिर उन्होंने कोच वालिद रेग्रागुई से बात की जिन्होंने उन्हें गले लगाया और अपने रिजर्व गोलकीपर से बात के लिए मुड़े। रिजर्व गोलकीपर मुनीर अल काजौरी दौड़ते हुए मैदान में आये और मैच की पूर्व ली जानी वाली टीम फोटो में शामिल हुए। उन्होंने दूसरी रैंकिंग की बेल्जियम टीम को कोई गोल नहीं करने दिया। मोरक्को टीम या मैच अधिकारियों ने बोनोऊ की अनुपस्थिति के लिये तुरंत कोई बयान नहीं दिया। मोरक्को टीवी चैनल 2एम ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर कहा कि उन्हें मैच शुरू होने से पहले थोड़े चक्कर आ रहे थे और उन्होंने रिजर्व गोलकीपर लाने की बात कही।

### शहरों से दूर रहे फैंस, वर्ना...

क्लोज ने कहा- वे प्रशंसक नहीं हैं, वे दंगाई हैं। मोरक्को के प्रशंसक वहां जश्न मनाने के लिए हैं। एंटवर्प और लीज के शहरों में भी अशांति थी। आंतरिक मंत्री एनेलिस वर्लिंडन ने कहा, यह देखकर दुख होता है कि कुछ लोग किस तरह से स्थिति का दुरूपयोग कर आपा खो देते हैं। बता दें कि बेल्जियम मोरक्को मूल के लगभग 500,000 लोगों का घर है।

### पुलिस पर पथराव

पड़ोसी नीदरलैंड्स में पुलिस ने कहा कि बंदरगाह शहर रॉटरडैम में हिंसा भड़क उठी है। अधिकारियों ने 500 फुटबॉल समर्थकों के एक ग्रुप को कंट्रोल में करने की कोशिश की। भीड़ ने आतिशबाजी की पुलिस पर पथराव किया। मीडिया की मानें तो राजधानी एम्स्टर्डम और हेग में बवाल होने की खबर है। रॉटरडैम पुलिस ने कहा- समर्थकों ने पुलिस पर कांच फेंके। जिसके बाद उनपर कार्रवाई की गई।

### ऐतिहासिक मैच में हारे

अपने पहले मुकाबले में कनाडा पर 1-0 से जीत हासिल करने वाली बेल्जियम का यह वर्ल्ड कप में 50वां मुकाबला था। अब तक कुल 12 टीमें ही वर्ल्ड कप में 50 मुकाबले खेल सकी हैं। इनमें दो टीमें, इंग्लैंड और स्पेन को ही केवल अपने 50वें मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था। मोरक्को के सामने बेल्जियम का दावा मजबूत था। लेकिन, एडेन हेजार्ड की कप्तानी वाली टीम पूरे मैच में जूझते नजर आई और ऐतिहासिक मुकाबले में हारने वाली तीसरी टीम बन गई। पहले हाफ के आखिरी मिनट में हाकिम जियेच ने फ्री किक पर गोल कर मोरक्को को लगभग आगे कर दिया था। लेकिन, रिव्यू पर टीम बच गई और पहला हाफ 0-0 पर समाप्त हुआ। आखिरकार दूसरे हाफ में 73वें मिनट में साबीरी ने फ्री किक पर ही गोल कर टीम को आगे किया।

# आशा पारेख को भारतीय संस्कृति पर है गर्व, बोलीं मोटी औरतें अपनी शादियों में गाउन क्यों पहनती हैं

**मुंबई, एजेंसी।** आशा पारेख हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेसेस में से एक हैं। उनका एक दौर था, जिसमें उन्होंने अपनी बेहतरीन अदाकारी से करोड़ों फैंस का दिल जीता है। उनकी फिल्मों ने पर्दे पर खूब धूम मचाया है। आशा पारेख अपनी फिल्मों से ज्यादा बाकी चीजों को लेकर भी चर्चे में रहती हैं। यहां तक कि वो अपनी राय रखने में भी मुखर रहती हैं। हाल ही में आशा पारेख ने कहा है कि उन्हें यह दुख होता है कि भारतीय महिलाएं अपनी शादियों के लिए घाघरा-चोली जैसे कपड़ों के बजाय वेस्टर्न कपड़े और गाउन पहनना पसंद करती हैं। आशा गोवा में चल रहे 53वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के एक सेशन में बोल रही थीं। उस दौरान उन्होंने ये कहा। आशा ने कहा, च्सब कुछ बदल गया है । जो फिल्में बन रही हैं... मुझे नहीं पता, हम इतने वेस्टर्न हैं। गाउन पहनकर वेडिंग में आ रही हैं लड़कियां। अरे भैया, हमारी घाघरा चोली, सरियां और सलवार-कमीज है आप वो पहनो ना।

### मोटी औरते शादियों में गाउन क्यों पहनती हैं?

उन्होंने कहा, च्आप उन्हें क्यों नहीं पहनते? वे पर्दे पर सिर्फ एक्ट्रेसेस को देखते हैं और उनकी नकल करना चाहते हैं। स्क्रीन पर देखकर वो जो कपड़े पहने रहेंगे उस तरह के कपड़े हम भी पहनेंगे...मोटे हो, या जो, हम वही पहनेंगे। ये वेस्टर्न के साथ हो रहा है, मुझे दुख होता है। मैं इस वेस्टर्नाइजेशन को देखकर आहत होती हूं। हमारे पास इतनी महान संस्कृति, डांस और संगीत है कि हम इसे पॉप संस्कृति में वापस ला सकते हैं।

### दिलीप कुमार से नफरत नहीं करती थीं आशा

आशा ने उस अफवाह को भी बताया कि वह दिलीप कुमार को पसंद करती थीं और यह कारण नहीं था कि उन्होंने कभी उनके साथ काम नहीं किया। इसपर उन्होंने कहा, च्चार-पांच साल पहले, कुछ प्रेस ने लिखा था कि मैंने उनके (दिलीप कुमार) साथ काम नहीं किया क्योंकि मैं दिलीप कुमार को पसंद नहीं करती थी। मैं उन्हें पसंद करती थी और हमेशा उनके साथ काम करना चाहती थी। जबरदस्त नाम की एक फिल्म थी, जो मैंने उनके साथ साइन की थी। हम साथ काम करने वाले थे लेकिन मैं बदकिस्मत थी और फिल्म मेरे हाथ से निकल गई।

# जबलपुर प्रीमियम लीग : चैम्पियन्स, श्री राम क्लब की शानदार जीत





**जबलपुर यशभारत।** जे.डी.सी.ए.के तत्वावधान में रानीताल क्रिकेट स्टेडियम में खेली जा रही 7 वी जबलपुर प्रीमियम लीग प्रतियोगिता में खेल गए दो मुकाबलों में जबलपुर चैम्पियनस, श्री राम क्लब न शानदार जीत दर्ज की । पहला मैच एम एच क्लब विरूद्ध जबलपुर चैम्पियन के मध्य खेले गए मैच में जबलपुर चैम्पियनस ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में एम एच क्लब को 04 विकेटों से पराजित किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एम एच क्लब ने सभी विकेट गंवा कर 152( 19.3 ) रन बनाए, मंगेश यादव ने आक्रामक 50 रनों की पारी में 28 गेंदों में 05 छक्के व एक चौंका लगाया, अम्बर शर्मा 35( 33 ) रन एक छक्का और 03 चौके, यश पांडे ने 32( 21 ) रन 03 छक्के और एक चौंका, ।जबलपुर चैम्पियन से तुषार चौहान ने 03, फ़ैज़ ख़ान तथा वेदांत सिंग ने 2-2 विकेट लिए जवाब में जबलपुर चैम्पियन ने 155 रनों के लक्ष्य को 19.5 ओवरों में 06 विकेट गंवा कर हासिल कर 04 विकेटों से मैच जीता। राकेश सिंग 74( 62 ) रन 07 चौके और दो छक्के, हेमंत शर्मा 20 तथा जयंत गोयल 18 रन। एम एच क्लब से आदित्य मिश्रा ने 02 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार राकेश सिंग ( 74 ) रन को पद्मा फाउंडेशन के मेम्बर तभी कुमार ठाकुर द्वारा प्रदान किया गया।। प्रतियोगिता का दूसरा मैच श्री राम क्लब विरूद्ध रायॅल क्लब के मध्य खेला गया जिसमें श्री राम क्लब ने रायॅल क्लब को 71 रनों से पराजित किया। टॉस जीतकर श्री राम क्लब ने 160( 20 ) रन 03 विकेट पर बनाए, सुलभ हलदकार 61( 52 ) रन दो छक्के, 03 चौके, अक्षय कुमार 43( 26 ) रन दो छक्के,03 चौके, आयूष चौधरी 24 रन। प्रतीक, आयूष ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में रायॅल क्लब 07 विकेट गंवा कर 89( 20 ) रन ही बना सकी । प्रवीण मकनोर 24 तथा शहवाज अंसारी ने 17 रन बनाए। श्री राम क्लब से पियूष पटेल ने 03 विकेट, तथा अमन पटेल ने 02 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार पियूष पटेल 3विकेट को बी.जे.पी. अल्प संख्यक मोर्चा के कार्यकारणी सदस्य जोसेफ होकिन्स द्वारा प्रदान किया गया।

## धान उपार्जन केंद्र निर्धारण में चल रही मनमर्जी

# नियमों को ताक पर रखकर हो रही मैपिंग

**जबलपुर ,यश भारत। सोमवार से जिले में समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन प्रारंभ होना था। लेकिन उपार्जन प्रारंभ होना तो दूर की बात अभी तक जिन केंद्रों में धान का उपार्जन होना है वह भी पूरी तरह से निर्धारित नहीं हो पाए हैं। इस पूरे मामले में जमकर अधिकारियों की मनमर्जी सामने आ रही है। जो नियमों को ताक पर रखकर मनपसंद जगहों पर मनपसंद लोगों को खुश करने के लिए धान के उपार्जन केंद्र खोल रहे हैं । जबकि इसको लेकर प्रदेश सरकार द्वारा स्पष्ट दिशानर्देश जारी किए गए हैं । लेकिन उसके बाद भी नियमों का मखौल उड़ाया जा रहा है । जिस वजह से अभी तक उपार्जन केंद्रों का निर्धारण नहीं हो सका है।**



### यह है मामला

प्रदेश सरकार द्वारा किसानों से सुविधा पूर्ण तरीके से धान के उपार्जन के लिए व्यवस्था तय की गई है। जिसमें गोदाम स्तर पर उपार्जन केंद्र बनाए जाने की व्यवस्था है। जिसके माध्यम से किसान अपनी उपज आसानी से बेच सकें और उसे जल्द से जल्द उसे भुगतान प्राप्त हो सके। जिसके लिए सरकार द्वारा वकायद एक पत्र जारी कर नियम भी तैयार किए गए हैं, कि किस आधार पर गोदामों का चयन किया जाएगा और इन सुविधाओं के आधार पर वहां पर केंद्र स्थापित किया जाएगा। लेकिन अधिकारी अपने करीबियों को फायदा पहुंचाने के लिए नियमों को धता बताते हुए मैपिंग कर रहे हैं। जिसके चलते उपार्जन प्रारंभ करने की तारीख बीत जाने के बाद भी मैपिंग पूरी नहीं हो पा रही है।

### यह है नियम

प्रदेश सरकार द्वारा मैपिंग के लिए उन गोदामों को प्राथमिकता देने को कहा गया है जो सहकारी समितियों के पास है। जिनमें उपार्जन के लिए उपयुक्त स्थान हो साथ ही वेब्रिज व ग्रेडर की व्यवस्था हो । इसके अलावा जहां राइस मिल स्थापित हो साथ ही साथ राइस मिल से दूरी न्यूनतम हो । इसके साथ ही पुरानी गोदाम व पीएमएस सिस्टम में ऑफर की गई गोदामों को प्राथमिकता की बात कही गई है । लेकिन इन सभी क्राइटेरिया को धता बताकर मनमर्जी से गोदाम में केंद्र खोलें जा रहे हैं।

### ये हो रहा गड़बड़झाला

इस पूरे मामले में जिले में दो दर्जन से ज्यादा ऐसी गोदाम में है जो कि नई बनकर तैयार हुई है और उन्हें प्राथमिकता सूची में सबसे पीछे रखा गया है। लेकिन उसके बाद भी अधिकारियों की मेहरबानी से लगभग 10 नई गोदाम मैं केंद्र स्थापित कर दिए गए हैं। वहीं कुछ स्थानों पर एक ही गांव में 3 या 3 से अधिक केंद्र स्थापित कर दिए गए है। जबकि आसपास के क्षेत्रों में और भी उपयुक्त गोदाम थी जहां केंद्र स्थापित हो सकते थे जिससे किसानों को सुविधा होती । इसके अलावा जिनके पास ना तो कांटे की व्यवस्था है ना ही ग्रेडर की व्यवस्था है उन्हें केंद्र बना दिया गया जबकि उनके अगल-बगल में ही यह सुविधाएं रखने वाली गोदामें उपलब्ध थी। कुछ ऐसी गोदामों को केंद्र नहीं बनाया गया है जिनके परिसर में राइस मिल स्थापित थी या फिर 500 से 1000 मीटर की दूरी पर राइस मिल संचालित हो रही थी। इस पूरे मामले में एक बात यह भी बड़ी दिलचस्प है कि कुछ लोगों की गोदामों में तीन से चार केंद्र तक स्थापित कर दिए गए हैं। जबकि पास में ही और दूसरे लोगों की गोदाम मौजूद है। कुछ व्यक्तियों व उनके परिवार की गोदाम जिले में अलग-अलग जगहों पर हैं लेकिन उनके रसूख के चलते सभी जगह केंद्र बनाए गए हैं। इसके साथ ही बहुत सारे केंद्र उनको दामों में दे दिए गए हैं जो एमपीडब्ल्यूएलसी और सेवा सहकारी समितियों के कर्मचारियों या उनके परिवार वालों की है। ऐसे में इस पूरे मामले में गंभीर भ्रष्टाचार होने की बात कही जा रही है। सरकार द्वारा उपार्जन के लिए पीएमएस एजेंसी का निर्धारण किया गया है और जिन गोदाम संचालकों द्वारा पीएमएस के माध्यम से भंडारण करने हेतु ऑफर डाले गए हैं उन्हें प्राथमिकता की बात भी कही गई है लेकिन मैपिंग में कुछ ऐसी गोदामों को भी शामिल कर लिया गया है । जिन्होंने पीएमएस के तहत ऑफर नहीं डाले थे जिस कारण नियम अनुसार उन्हें प्राथमिकता में नहीं रखा जाना चाहिए था ।



# बरेला के खरहनी घाट में मिला युवक का शव

## हाथ में लिखा है प्रभा... बिच्छू का बना है टैटू

जबलपुर, यशभारत। थाना बरेला अंतर्गत खरहनी रेलवे ट्रेक पर एक युवक का शव मिलने के बाद हड़कंप की स्थिति है। युवक के हाथ में बिच्छू का टैटू है और हाथ में प्रभा लिखा हुआ है। अभी तक युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। गौर चौकी प्रभारी टेकचंद्र शर्मा ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि आरपीएफ हवलदार शेष बाबू कुशवाहा ने सूचना दी कि खरहनी रेल्वे ट्रेक के पास एक शव पड़ा हुआ है। सूचना पर पहुची पुलिस को एक युवक जिसकी उम्र 40 से 45 वर्ष है। जिसके दाहिने हाथ में बिच्छू का टैटू बना है एवं अंग्रेजी में प्रभा लिखा है। पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

# घर की खुशियाँ उजाड़ रहे यमदूत

## नो ऐंट्री में ....ऐंन्ट्री से कुचले जा रहे राहगीर

**जबलपुर, यशभारत। एक तरफ पुलिस के द्वारा दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट से लैस करने तमाम तरह के प्रयास किये जा रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफनो एन्ट्री के नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले हाइवा और डम्पर नजर नहीं आ रहे हैं। जानकारी के मुताबिक जबलपुर में लगभग 11 हजार डम्पर और हाइवा चल रहे हैं। इनमें से अधिकांश वाहनों में तो नंबर तक नहीं लिखे होते हैं। जिन वाहनों में नंबर होते भी हैं तो इतने छोटे आकार में लिखे होते हैं कि किसी को पता ही नहीं चल पाता।**



हकीकत तो यह है कि पुलिस और प्रशासनिक गाड़ियों तक में बड़े और साफ सुथरे आकार में नंबर लिखे होते हैं मगर यमदूतों में नंबर लिखे हैं कि नहीं, यह देखने की जरूरत तक नहीं समझी जा रही है। बताया जाता है कि अस्पष्ट और छोटे अंकों में नंबर लिखवाने का एक बड़ा कारण हादसे के बाद अपनी पहचान छिपाना भी होता है। अधिकांश डम्पर और हाइवा का पता केवल इसी वजह से नहीं चल पाता है। सड़क पर निरीह लोगों की मौत के घाट उतारने के बाद ये भागने के साथ-साथ पहचान छिपाने में भी सफल हो जाते हैं।

### कई परिवारों की खुशियां लील चुके हैं

बेलगाम भागते डम्पर और हाइवा कई परिवारों की खुशियां लील चुके हैं। अधिकांश हाइवा और डम्परों में रेत और गिट्टी लोड रहती है। ग्रामीण अंचलों से लेकर नेशनल हाइवे तक पर इनका बेजा आतंक बना रहता है। चौकाने वाली जानकारी के मुताबिक अधिकांश हादसे राष्ट्रीय राजमागोंर् पर हुए हैं जिनमें कई परिवारों की खुशियां उजड़ चुकी हैं। इन पर अंकुश लगाने के लिये अभी तक किसी तरह की प्रभावी कारज्वाई न की जाना संदेहास्पद माना जा रहा है।

### नो एन्ट्री के बाद भी नहीं होती जांच पड़ताल

आम नागरिकों की गाड़ियों में नंबर प्लेट है या नहीं है? यह देखने वाले पुलिस कमिज्यों को डम्पर और हाइवा के नंबर नहीं दिखते। कोई जरूरी नहीं कि नो एन्ट्री खत्म होने चलने वाले डम्पर हाइवा नियम कायदों का पालन कर रहे हों। आदि शंकराचायज़् चौक से शहर के विभिन्न हिस्सों तक पहुंचने वाले डम्पर हाइवा बहुत तेज गति में होते हैं और बहुतों में नंबर नहीं लिखा होता है। चौकाने वाली बात यह है कि रात 10 बजे के बाद शहर में कहीं भी वाहन चैकिंग नहीं की जाती।

### सैकड़ों की जान ले चुके यमदूत

डम्परों की नंबर प्लेट पर चालान नहीं काटता यहां तक कि नो एन्ट्री तक में ये यमदूत धमाचौकड़ी मचाते रहते हैं मगर इनको पकड़ना तो दूर की बात है इनके पीछे नंबर तक डलवाने की जरूरत नहीं समझी जाती। यही कारण है कि ये बेखौफ होकर शहर में न केवल आतंक मचाते रहते हैं बल्कि आम लोगों की खून से अपनी प्यास भी बुझाते हैं। जबलपुर में अब तक सैकड़ों लोगों की जाने हाइवा और डम्पर ले चुके हैं. इसके बाद भी इनकी गति पर अंकुश नहीं लगाया जाना कई मायनों में बेहद संदेहास्पद माना जा रहा है।

### अवैध खनन में इस्तेमाल

जानकारी के मुताबिक अधिकांश हाइवा अवैध खनन में लगाये गये हैं। इनके मालिक या तो रसूखदार हैं या फ्रि राजनीतिक दलों से ताल्लुक रखने वाले होते हैं। पिछले कुछ सालों में पुलिस और खनिज विभाग की तरफसे कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में डम्पर और हाइवा बरामद किये गये हैं मगर बाद में ये फ्रि से सड़कों पर मौत का ताण्डव मचाते देखे जाने लगते हैं। लिहाजा यमदूतों के खिलाफ होने वाली कार्रवाइयों से भी आम नागरिकों का भरोसा उठता जा रहा है।

## ब्रह्मचारी श्री सुबुद्धानंद जी का आत्मीय स्वागत



**जबलपुर, यशभारत।** ब्रह्मलीन जगद्‌गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज के निज सचिव ब्रह्मचारी श्री सुबुद्धानंद महाराज का सोमवार की शाम शताब्दीपुरम स्थित यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला के निवास अरुणोदय आगमन हुआ। जहां महाराज जी का आत्मीय स्वागत किया गया। उन्होंने आशीष शुक्ला व डॉ श्रीमती रश्मि शुक्ला को शुभाशीष दिया। इस मौके पर डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी व शुक्ला परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

# अधारताल में लोडिड वाहन ने अधेड़ को रौंदा

## बीच रास्ते खुल गया सिर, मौत

जबलपुर, यशभारत। अधारताल में एक 54 वर्षीय अधेड़ को लोडिड वाहन नें बीच रास्ते टक्कर मारकर गंभीर रुप से घायल कर दिया। हादसे में युवक का सिर बीच रास्ते ही खुल गया। जिसे आनन-फानन में नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराय गया। जहां उपचार के दौरान ही अधेड़ ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि राजा राम चंसोरिया 54 वर्ष निवासी संस्कार नगर माढोताल को सड़क दुर्घटना के बाद राहगीरों और परिजनों ने मेडिकल में गंभीर हालत में भर्ती करवाया था। लेकिन दुर्घटना में खून अधिक बहने के कारण, इलाज के दौरान डॉक्टर अधेड़ को बचा नहीं पाए। पुलिस ने मर्ग कायम कर, आरोपी वाहन चालक को तलाश करने में जुटी है।

## वरिष्ठ पत्रकार मुकेश खम्परिया (मुक्की) का स्वर्गवास



**जबलपुर, यशभारत।** यशभारत के सिहोरा संवाददाता श्री मुकेश खम्परिया (मुक्की) का देहावसान हो गया। वे स्व. श्री बसंत खम्परिया के पुत्र एवं संतोष खम्परिया के भाई थे। अंतिम संस्कार खितौला मुक्तिधाम में किया गया जहां सभी वर्ग के लोगों ने उपस्थित होकर दिवंगत को अश्रुपूरित अंतिम विदाई दी। यशभारत परिवार की ओर से श्रद्धांजलि।

JYOTI INNER ZONE
सभी कम्पनियों के विन्टर इनर उपलब्ध
LUX cozi | AMUL MACHO | RUPA | JOCKEY | DIXCY SCOTT
1222, Main Road Ganjipura Near Super Market Jabalpur (M.P.) 0761-4038008

Roasted Food Junction
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
न्यू शो रूम
फ्रुट आयटम उपलब्ध
→रोस्टेट नमकीन →सत्तू →मूंगफल्ली की लइया →रोस्टेट ड्राई फ्रूड →वेक्ड टोस्ट →करेला चिप्स →पीनट चिक्की →ड्राईभेल →बिस्केट →फुल्की →रोस्टेड मूंगफल्ली →सिंधी पापड़ →चने
AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304, 7987145201

गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मध्य भारत का तेजी से उभरता हुआ, सर्वप्रथम होलीस्टिक हॉस्पिटल
आयुष्मान एवं सभी प्रकार के टीपीए की सुविधा
आर्यरा AaryAra (illuminate AspiratioN)
उखरी तिराहा, विजय नगर, जबलपुर (मप्र)-482003
0761-4017010, 4027010, 2647010 Helpline 881983000,7777877708
galaxyhospitaljbpweb@gmail.com, galaxyhospitaljbp2020@gmail.com
www.galaxyhospitaljbp.com

दुआ से तकदीर बदलती है आप है परेशान हमसे पाये समाधान
27 साल के अनुभवी रज़ा खान
करनी करतूत, बीमारी में दवा ना लगना, कारोबार और घर में बरकत ना होना, प्रेम विवाह, वशीकरण, गृहकलेश, बंदिशबाधा रुकावट आदि ऐसे तमाम रुहानी परेशानी के हल के लिए आज ही मिले।
संपर्क करें मो. 8878383610, 8982585083

आपका शैल्बी, आपका हेल्थ पार्टनर
अधिक जानकारी व अपॉइंटमेंट हेतु संपर्क : +91 95758 01200
28 YEARS
SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS
In association with SMJ Trust
शैल्बी हॉस्पिटल्स
प्लाट नं. 5, अहिंसा चौक, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.)
24x7 Emergency & Pharmacy
Emergency No 95758 01020
www.shalby.org

अब नये परिवेश में
आफिस, शोरुम, निवास की सजावट के लिए पर्दा क्लाथ की नई रेंज, गृह शोभा के आइटम
फ्लोरिंग एंड फर्नीशिंग, पर्दा एवं सोफा क्लाथ, वाल पेपर मिंक कंबल, मैरिज सेट टॉवल, रजाईयां।
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम
दैनिक भास्कर के सामने
3 /15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर
फोन- 0761-2481262, 362
एक बार अवश्य पधारें

महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घंटे
LIFE CARE ICU, Mukherjee Hospital
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम व सुविधाएं
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट)
डॉ एम. चंसोरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ नेहा चंसोरिया B.D.S, M.D.S. (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ अखिलेश पटेल (छाती एवं स्वांस रोग विशेषज्ञ)
सुविधाएं
हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन, सिर की चोट, हेड इन्जूरी, रीढ़ की हड्डी की चोटों का इलाज व ऑपरेशन, लकवा, मिर्गी एवं दिमागी बुखार का इलाज, जहरीली वस्तु का सेवन (Poison Unit), सर्पदंश उपचार, गंभीर लीवर की बिमारी, किडनी की बीमारी (पथरी), डायलिसिस सुविधा उपलब्ध, हर प्रकार के पेट के रोगों का ऑपरेशन, Burn Unit (जले हुए मरीजों का इलाज), महाकौशल के सबसे आधुनिक वेन्टीलेटर उपलब्ध, 24 घंटे डायलिसिस की सुविधाएं
1933, प्रेम मंदिर के पास, राइट टाउन, जबलपुर | 07614038666, 7049079825 | 9300920067

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

लक्ष्मी एम्पोरियम के 38वें वर्ष में प्रवेश
शालें ही शालें...
लक्ष्मी एम्पोरियम
• काश्मीरी • प्योरऊल • जमावार • सिप्पीवर्क • कानीवर्क • आरी वर्क
फैंसी रंग डिज़ाईन
नया स्टॉक उचित दाम
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )